जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 139, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 15 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# चार साल के लिए देश सेवा का मौका देगी सेना

## तीनों सेनाओं में होगी अग्निवीरों की भर्ती: स्थायी सैनिकों की तरह मिलेंगे अवॉर्ड-मेडल, लेकिन पेंशन नहीं मिलेगी, 90 दिन में पहली भर्ती रैली, युवाओं को मिलेगी चार साल की नौकरी, 6.92 लाख का सालाना पैकेज







### ऐसा होगा सैलरी स्ट्रक्चर

| | | |
|---|---|---|
| पहले साल सालाना पैकेज 4.76 लाख होगा | चौथे साल तक पैकेज 6.92 लाख तक हो जाएगा | रिस्क और कठिनाई के आधार पर बाकी अलॉयंस मिलते रहेंगे |

### सेवा निधि पैकेज

| | | |
|---|---|---|
| सैलरी में से 30% योगदान अग्निवीर करेंगे, उतना ही सरकार करेगी। | 4 साल पूरे होने के बाद करीब 11.7 लाख रुपए मिलेंगे। | इसमें इनकम टैक्स से छूट मिलेगी। |

**नई दिल्ली:** सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी ने तीनों सेनाओं के लिए मंगलवार को ऐतिहासिक 'अग्निपथ' योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत भारतीय युवाओं को 'अग्निवीर' के रूप में चार साल के लिए सशस्त्र सेवाओं में शामिल होने का मौका दिया जाएगा। सेनाओं की ट्रेनिंग देने के बाद इन्हें पाकिस्तान-चीन सीमा पर तैनात किया जायेगा। सशस्त्र सेनाओं से निकलने के बाद इन 'अग्निवीरों' को केंद्र सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकारों की नौकरियों में प्राथमिकता दी जायेगी। नेशनल मीडिया सेंटर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'अग्निपथ' योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रक्षा मंत्रालय की यह स्कीम युवाओं को देश सेवा का मौका देने के साथ ही उन्हें तकनीकी तौर पर भी सुधारने में मदद करेगी। इस योजना से विभिन्न क्षेत्रों में नए कौशल के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। 'अग्निपथ' योजना के तहत सशस्त्र बलों का युवा प्रोफाइल तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। यह स्कीम बनाने के लिए हमने अन्य देशों के मॉडल का अध्ययन किया है लेकिन देश के युवाओं के हित में निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने दूसरों की नकल करने की कोशिश नहीं की है। जो नकल करके अपनी अकल बढ़ाने की कोशिश करते हैं, उनकी शक्ल खराब हो जाती है। सैन्य मामलों के विभाग के अतिरिक्त सचिव लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने बताया कि हम युवाओं को 'अग्निवीर' के रूप में छोटी अवधि की सैन्य सेवा का मौका दे रहे हैं। आज औसत आयु लगभग 32 वर्ष है, लेकिन आने वाले 6-7 वर्षों में यह और कम होकर 26 वर्ष हो जाएगी। देश के युवाओं की क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए उन्हें भविष्य का सैनिक बनाने की आवश्यकता है। 'अग्निवीर' भविष्य के लिए तैयार इस सैनिक का हिस्सा होगा। अग्निवीर भारत के युवा रक्षक होंगे। 4 साल हमारे साथ रहने के बाद अग्निवीर का बायोडाटा बहुत ही अनोखा होगा। वह हमारे साथ बिताए गए चार साल के बाद देश के अन्य युवाओं की भीड़ से अलग होंगे। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने बताया कि अग्निवीरों का चयन अखिल भारतीय मॉडल के आधार पर योग्यता और चयन प्रक्रिया पर होगा। देश के 17.5 से 21 वर्ष की आयु के युवाओं को सशस्त्र बलों की सेवा करने का मौका दिया जायेगा। इन्हें 4.76 लाख से 6.92 लाख रुपये का सालाना पैकेज दिया जाएगा। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि वायु सेना में तेजी से प्रौद्योगिकी आधारित वातावरण बदल रहा है, जिसके अनुकूल अग्निवीरों को उच्च-तकनीकी वातावरण में प्रशिक्षित किया जायेगा। अग्निपथ योजना के तहत भारतीय वायु सेना युवाओं की योग्यता और उनके दृष्टिकोण का आकलन करेगी। अग्निवीरों को भारतीय वायुसेना में वायु योद्धा के रूप में शामिल होने के

## अग्निपथ: हर साल 45 हजार युवाओं की होगी भर्ती



**अग्निपथ** के तहत हर साल करीब 45 हजार युवाओं को सेना में शामिल किया जाएगा। ये युवा 17.5 से 21 साल की उम्र के बीच होंगे। इन्हें चार साल के लिए सेना में सेवा देने का मौका मिलेगा। इन चार सालों में से 6 महीने सैनिकों को बेसिक ट्रेनिंग दी जाएगी। सैनिकों को 30 हजार से 40 हजार सैलरी और अन्य फायदे दिए जाएंगे। वे तीनों सेनाओं के स्थायी सैनिकों की तरह अवॉर्ड, मेडल और इंश्योरेंस कवर पाने के हकदार रहेंगे। इंश्योरेंस कवर 44 लाख रुपए का होगा।

## सिर्फ 25% 'अग्निवीरों' को स्थायी कैडर में भर्ती किया जाएगा



**चार** साल पूरे होने के बाद सिर्फ 25% 'अग्निवीरों' को स्थायी कैडर में भर्ती किया जाएगा। जो सैनिक चार साल के बाद भी सेना में काम करना चाहेंगे, उन्हें मेरिट और मेडिकल फिटनेस के आधार पर मौका मिलेगा। जो सैनिक स्थायी कैडर के लिए चुने जाएंगे उन्हें 15 साल का कार्यकाल पूरा करना पड़ेगा। शुरूआती चार साल कॉन्ट्रैक्ट के तहत रहेंगे इसलिए इसकी पेंशन नहीं मिलेगी।

जो 75% अग्निवीर इस स्कीम से बाहर हो जाएंगे, उन्हें सेवा निधि पैकेज दिया जाएगा। यह 11-12 लाख रुपए का पैकेज आंशिक तौर पर अग्निवीरों के ही मंथली कंट्रीब्यूशन से फंड किया जाएगा। इसके अलावा उनको मिले स्किल सर्टिफिकेट और बैंक लोन के जरिए उन्हें दूसरा करियर शुरू करने में मदद की जाएगी।




- अग्निपथ भर्ती योजना' के तहत युवा चार साल की अवधि के लिए सेना में शामिल होंगे और देश की सेवा करेंगे।
- चार साल के अंत में लगभग 75 फीसदी सैनिकों को ड्यूटी से मुक्त कर दिया जाएगा और उन्हें आगे के रोजगार के अवसरों के लिए सशस्त्र बलों से सहायता मिलेगी।
- केवल 25 फीसदी जवानों को चार साल बाद भी मौका मिलेगा। हालांकि यह तभी संभव होगा जब उस समय सेना की भर्तियां निकली हों।
- कई निगम ऐसे प्रशिक्षित और अनुशासित युवाओं के लिए नौकरी आरक्षित करने में भी रुचि लेंगे जिन्होंने देश की सेवा की है।
- योजना के तहत सशस्त्र बलों का युवा प्रोफाइल तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं को नई तकनीकों से प्रशिक्षित किया जाएगा।
- चार साल की नौकरी छोड़ने के बाद युवाओं को सेवा निधि पैकेज दिया जाएगा। जो 11.71 लाख रुपए होगा।
- योजना के तहत इस साल 46 हजार अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी।

## पिछले आठ सालों में विकास-विरासत दोनों साथ-साथ बढ़ रहे: पीएम



**पुणे:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पिछले आठ सालों में विकास और विरासत दोनों साथ-साथ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए हमारा दायित्व है कि हम अपनी प्राचीन पहचान और परम्पराओं को चैतन्य रखें। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पुणे के देहू में जगतगुरु श्रीसंत तुकाराम महाराज मंदिर का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल भक्ति की शक्ति का एक केंद्र है बल्कि भारत के सांस्कृतिक भविष्य को भी प्रशस्त करता है। देश के विभिन्न भागों में होने वाली धार्मिक यात्राओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये यात्राएं एक भारत और एक राष्ट्र की पूरक हैं। उन्होंने कहा कि आषाढ़ में शुरू होने वाली महाराष्ट्र की पंढरपुर यात्रा, ओडिशा में भगवान जगन्नाथ की यात्रा, मथुरा में ब्रज की परिक्रमा, काशी में पंचकोशी परिक्रमा, चारधाम और अमरनाथ यात्रा ये हमारे सामाजिक और आध्यात्मिक गतिशील के लिए ऊर्जा स्रोत की तरह हैं। हमारे संतों ने इन यात्राओं के जरिए एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को जीवंत रखा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब आधुनिक टेक्नोलॉजी और इनफ्रास्ट्रक्चर भारत के विकास का पर्याय बन रहे हैं तो हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि विकास और विरासत दोनों एक साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज महाराष्ट्र के पंढरपुर पालकी मार्ग के आधुनिकीकरण के साथ ही चारधाम यात्रा के लिए नये हाईवे बन रहे हैं। वहीं अयोध्या में भव्य राम मंदिर भी बन रहा है।

## थोक महंगाई दर मई में बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर



**नई दिल्ली:** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को झटका देने वाली खबर है। थोक महंगाई दर मई में बढ़कर 15.88 फीसदी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस साल अप्रैल में थोक महंगाई 15.08 फीसदी थी, जबकि पिछले साल मई में यह 13.11 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में जानकारी दी कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर मई 2022 में बढ़कर 15.88 फीसदी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने और कच्चे तेल की कीमत में बढ़ोत्तरी से थोक महंगाई दर में लगातार 14वें महीने दो अंकों से ऊपर बनी हुई है। दरअसल, अप्रैल 2021 से थोक महंगाई दर दो अंकों में बनी हुई है। मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि मई, 2022 में थोक महंगाई की उच्च दर मुख्य रूप से खनिज तेलों, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस, खाद्य पदार्थो, मूल धातुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं, रसायनों और रासायनिक उत्पादों तथा खाद्य उत्पादों आदि ।

## राहुल की ईडी में फिर हुई पेशी

**नई दिल्ली:** नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से ईडी अफसर ने पहले राउंड में 4 घंटे से भी ज्यादा समय तक पूछताछ की। इसके बाद राहुल लंच ब्रेक में ईडी ऑफिस से तुगलक रोड स्थित अपने बंगले पहुंचे। लंच के बाद वे फिर एजेंसी के दफ्तर पहुंच गए हैं। सोमवार को पूछताछ के बाद लंच ब्रेक में राहुल अपनी मां सोनिया गांधी से मिलने सर गंगाराम हॉस्पिटल पहुंचे थे। इससे पहले दूसरे दिन राहुल गांधी कार से जांच एजेंसी के ऑफिस पहुंचे। उनके साथ प्रियंका गांधी भी थीं। राहुल को छोड़ने के बाद प्रियंका वहां से चली गईं।

## भारत में ही बनेंगे 96 मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली:** राफेल और तेजस के बाद भारतीय वायु सेना ने 'बाय ग्लोबल ऐंड मेक इन इंडिया' योजना के तहत 1.5 लाख करोड़ से 114 और लड़ाकू विमान हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर दिया है। अमेरिका, फ्रांस, रूस और स्वीडन की रक्षा कंपनियां इस सौदे पर अपनी रुचि दिखा रही हैं। इसके बावजूद 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत 96 विमान भारत में बनाने और शेष 18 विदेशी कंपनी से सीधे आयात किए जाने की योजना है। भारतीय रणनीतिक साझेदार बनने के लिए टाटा, अडानी और महिंद्रा समूह ने दिलचस्पी दिखाई है। दरअसल, 2007 में ही वायु सेना ने अपने बेड़े में 126 मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एमएमआरसीए) की कमी होने की जानकारी देकर रक्षा मंत्रालय के सामने खरीद का प्रस्ताव रखा था। इस पर फ्रांसीसी कंपनी दसॉल्ट एविएशन से 126 राफेल फाइटर जेट का सौदा किया जा रहा था। बाद में यह प्रक्रिया रद्द करके 2016 में नए सिरे से सिर्फ 36 राफेल विमानों का सौदा किया गया। फ्रांसीसी कंपनी से पांच साल के भीतर अब सभी 36 विमान भारत को मिल चुके हैं। इस तरह 126 के बजाय 36 विमानों का सौदा होने से वायुसेना के बेड़े में 90 विमानों की कमी बरकरार रही। वायु सेना को उम्मीद थी कि वह 36 राफेल के शुरूआती ऑर्डर का इस्तेमाल करके 90 और विमान हासिल कर लेगी लेकिन ऐसा न होते देख उसने 114 नए प्रकार के सिंगल इंजन वाले एमएमआरसीए खरीदने का प्रस्ताव सरकार के सामने रखा। भारतीय वायु सेना ने निविदा के लिए रुचि पत्र भी जारी कर दिया है जिसके तहत रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन (आरएफआई) का जवाब फाइटर जेट निर्माण क्षेत्र के अमेरिका, फ्रांस, रूस और स्वीडन के कई बड़े खिलाड़ियों ने कंपनियों ने दिया है। हालांकि, वायु सेना ने पहले ही 83 एलसीए एमके-1ए विमानों का ऑर्डर एचएएल को दिया है, लेकिन इससे लड़ाकू बेड़े की भरपाई नहीं की जा सकती क्योंकि दोनों लड़ाकू विमानों की अलग-अलग क्षमताएं हैं। भारतीय वायु सेना को पड़ोसी प्रतिद्वंद्वियों पाकिस्तान और चीन पर अपनी श्रेष्ठता बनाए रखने के लिए इन 114 लड़ाकू विमानों की अत्यधिक जरूरत है। इसलिए अब भारतीय वायु सेना ने 1.5 लाख करोड़ रुपये से 'बाय ग्लोबल ऐंड मेक इन इंडिया' योजना के तहत 114 लड़ाकू विमान हासिल करने की योजना बनाई है जिसमें 18 विमान विदेशी कंपनी से सीधे आयात किए जाएंगे। बाकी 96 लड़ाकू जेट 'आत्मनिर्भर भारत' योजना के तहत विदेशी विक्रेता के साथ साझेदारी में भारत में ही बनाए जाएंगे। इसका भुगतान आंशिक रूप से विदेशी मुद्रा और भारतीय मुद्रा में किया जाएगा। भारतीय वायु सेना ने हाल ही में विदेशी विक्रेताओं के साथ बैठक करके उनसे 'मेक इन इंडिया' परियोजना को अंजाम देने का ब्लू प्रिंट मांगा है। वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत अंतिम 60 विमानों के निर्माण की मुख्य जिम्मेदारी भारतीय साझेदार की होगी और सरकार केवल भारतीय मुद्रा में भुगतान करेगी। भारतीय मुद्रा में भुगतान से विक्रेताओं को परियोजना में 60 प्रतिशत से अधिक 'मेक-इन-इंडिया' सामग्री हासिल करने में मदद मिलेगी।

## नौकरियों की आएगी बहार

### अगले डेढ़ साल में 10 लाख भर्तियां करेगी सरकार : पीएम मोदी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी विभागों और मंत्रालयों में मानव संसाधन की स्थिति की समीक्षा की है। उन्होंने यह निर्देश दिया कि अगले डेढ़ साल में मिशन मोड में 10 लाख लोगों की भर्ती की जाए।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को ट्वीट किया- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी विभागों और मंत्रालयों में मानव संसाधन की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिया कि सरकार द्वारा अगले 1.5 वर्षों में मिशन मोड में 10 लाख लोगों की भर्ती की जाए। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री के इस कदम को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम करार दिया है। उन्होंने ट्वीट संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले कुछ वर्षों में सरकार को अधिक जवाबदेह और शासन को अधिक जन केंद्रित बनाया है।

## खबर संक्षेप

### विद्युत कटौती से चंपापुर पावर हाउस के उपभोक्ताओं में आक्रोश

**जंघई।** क्षेत्र के चंपापुर फीडर से दर्जनों गावों में विद्युत आपूर्ति होती है इन गाँव के हजारों लोग इन दिनो बिजली के अनियमित कटौती से हैरान व परेशान है। विद्युत कटौती रात्रि और दिन में भी की जा रही है जिसके कारण ग्रामीण बेचैन है नियमानुसार बिजली न आना बार बार बिजली कटौती से ग्रामीणों को इस उमस भरी गर्मी मे रात भर जागने के लिए विवश कर रहा है।किसानों को अपनी फसलों को सिंचाई करने में समस्या आ रही है ग्रामीणों ने विद्युत कटौती रोकने की मांग की है।अनियमित रोस्टर से ग्रामीणों में आक्रोश है बार बार अधिकारियों से नियमित रोस्टर करने के लिए कहा जाता है लेकिन अनसुना कर देते है जिसके कारण ग्रामीणों मे असंतोष व्याप्त है।चंपापुर फीडर से जंघई, चौका, चनेथू, नेदुला, पतवां, पतैंया, जलालपुर, रस्तीपुर, सोरों, खखैचा, महरछा, झारी, पिलखिनी, भूलेंद्र,अनुवां, बजती, बघेड़ी, सरजूपट्टी आदि गाँवों में विद्युत सप्लाई होती है।ग्रामीणों ने कहा है कि अगर विद्युत आपूर्ति सुचारू ढंग से नहीं होगी तो उपभोक्ता पावर हाउस पर प्रदर्शन करेंगे।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

अखंड भारत संदेश

## प्रदर्शनी का फीता काटकर विधायक फाफामऊ ने किया शुभारम्भ



प्रदर्शनी का फीता काटते विधायक फाफामऊ

**प्रयागराज।** विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ के द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, कार्यों एवं उपलब्धियों के बारे में लोगो को जानकारी दिए जाने के उद्देश्य से कौड़िहार ब्लाक परिसर में लगायी गयी तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होगी तथा लोग योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकेंगे। प्रदर्शनी में आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों का विकास, श्रमिकों को मनरेगा में रोजगार, गो पालन पर पशुपालकों को धनराशि, सशक्त नारी सशक्त प्रदेश के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार, अटल पेंशन योजना, मिशन शक्ति के तहत थानों पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे प्रदेश, युवाओं के साथ योगी सरकार, अपराधियों पर नकेल, बेघर को घर, सर्वसुलभ शिक्षा का वरदान, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवासीय योजना, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं से सम्बंधित प्रदर्शनी लगायी गयी है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगणों के अलावा खण्ड विकास अधिकारी कौड़िहार बबिता गुप्ता, सूचना विभाग के कर्मचारीगणों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## हीट स्ट्रोक से वृद्ध महिला की मौत

### तपिश में दोपहर बिजली कटौती पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**करछना।** थाना क्षेत्र करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरानी हासिमपुर में मंगलवार को दोपहर लू लगने से एक वृद्ध महिला की तत्काल मौत हो गई ग्रामीणों के मुताबिक उक्त गांव के स्वर्गीय शारदा प्रसाद की पत्नी चंद्र कली 61 वर्ष दोपहर 1:00 बजे बिजली कट जाने से गर्मी से बेहाल होकर घर से बाहर थोड़ी दूर पर एक बगीचे में चली गई थी जहां पर तेज धूप के चलते अचानक तबीयत बिगड़ गई और चक्कर खाकर गिर गई जब तक लोग पहुंचते हैं तब तक वृद्ध महिला मौत के आगोश में शमा चुकी थी , उनके आसपास एवं ग्रामीण मिलकर पास के नजदीकी अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया ग्रामीणों के मुताबिक दोपहर की तपिश भरी गर्मी में दोपहर में विद्युत विभाग 3 घंटे बिजली काट देते हैं जिसके वजह से लोगों को ज्यादा परेशानी बढ़ गई है नतीजा गर्मी से बेहाल होकर वृद्ध महिला की मौत हो गई, जिससे ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के इस भीषण गर्मी में दोपहर में तीन घंटे की कटौती करने से आक्रोश वयक्त किया है।

## न्यूज झरोखा

### मऊआइमा थाने में पीस कमेटी की बैठक में आपसी भाई चारा सौहार्द बनाये रखने की अपील



**मऊआइमा।** आपसी भाई चारा बनाए रखने तथा अमन शांति के लिए मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की गई। मंगलवार को मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें आपसी भाई चारा सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। तथा अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कही गई।तथा सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट और सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट करने वालों को जेल भेजने की चेतावनी दी गई। तथा क्षेत्र में भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई।इस अवसर पर इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ,कस्बा प्रभारी जगनारायण, मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान ,पूर्व चेयरमैन हाजी मो शोएब अंसारी , निमिष खत्री ,सभासद कौसर गयास ,नसीम ,अर्जुन प्रसाद प्रधान,पप्पू यादव प्रधान ,जगदीश खत्री, प्रदीप कुमार सभासद ,प्रधान चंद्र सेन यादव ,अय्यूब अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### ग्राम सभा सहसों बाल श्रम मुक्त, प्रधान प्रतिनिधि सम्मानित




**सहसों।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर ग्राम पंचायत सहसों बाल श्रम मुक्त गांव घोषित कर प्रधान प्रतिनिधि को किया गया सम्मानित। श्रम विभाग की ओर से चलाए जा रहे नया सवेरा योजना के अंतर्गत जनपद प्रयागराज के 17 गांवों को बाल श्रम मुक्त घोषित किया गया। इन गांवों के सभी ग्राम प्रधानों को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड बहादुरपुर क्षेत्र के सहसों ग्राम पंचायत की ओर से ग्राम प्रधान सहसों के प्रतिनिधि के रूप में चंद्रप्रकाश केसरवानी को श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर जी के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे ग्राम प्रधान के समर्थकों में खुशी व्याप्त है।

### सरार्फा व्यवसायी की दुकान मे चोरी

**कुंडा।** कुंडा कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थित स्टेशन रोड मोहल्ला निवासी रवि सोनी पुत्र गुलाब कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर चौराहे पर सरार्फा की दुकान खोल रखी है।रविवार को रवि दुकान बन्द करके घर चल गया ।रात मे चोरों ने उसकी दुकान मे धावा बोल दिया ।चोरो ने सटर का ताला तोड़कर अन्दर घुसे और सोने चांदी के आभूषण (कीमत लगभग 75000 रुपए) व एक हजार पाच सौ रुपए नगदी समेत उठा ले गए।सुबह दुकान मे चोरी होने की जानकारी होने पर रवि के होस उड़ गए।पीड़ित दुकानदार रवि ने इसकी शिकायत कुण्डा पुलिस से की है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारे पीटे मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया और तोडफोड़ किया गया। पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है । मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासी उदयसिंह पुत्र दूधनाथ का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में घुस कर मारा पीटा गया और तोडफोड़ किया गया। उदयसिंह ने मऊआइमा थाने में जयसिंह, विजय कुमार, अजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कमला पंप कैनाल बंद होने से बारा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के किसान मायूस

अखंड भारत संदेश



बारा में कमला पम्प कैनाल

**बारा।** कमला पंप कैनाल बारा क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की खेती की सिंचाई का एक मात्र साधन है इस नहर से तरहार क्षेत्र के अलावा बारा क्षेत्र के धरा बवनधर कोरारी टिकरी बारा उमापुर चामू बैजला असरवाई पिपराव गींज पहाड़ी इलाकों में धान की बीज डालने का आ गया है लेकिन नहर बंद होने से किसान परेशान हैं धान की और सब्जी की खेती यहां के किसानों की आय का मुख्य जरिया है अगर समय रहते नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो तपते मौसम के कारण तालाब नाले का पानी सूख गया है बीज डालने के लिए किसान परेशान हैं किसानो के अलावा जानवरो एवम गो वंशों को पीने के पानी की सबसे बड़ी समस्या समय रहते अगर नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो भूखों मरने को मजबूर हो जाएंगे किसान।

### शौच को निकली दो सहेलियां अपने अपने प्रेमी के साथ हुई फुर्र

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव की दो सहेलियां मंगलवार की सुबह शौच के बहाने निकली और अपने अपने प्रेमी के साथ फुर्र हो गई । देर तक घर ना पहुंचने पर हड़कम्प मच गया । दोनो के परिजनों ने मामले की शिकायत घूरपुर पुलिस से की है । एक लड़की पिछड़े वर्ग से है जो दलित युवक साथ गई है दूसरे दोनों ही दलित वर्ग के हैं। घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की दो सहेलियों ने एक साथ गांव के ही दो युवकों से आंखे लड़ी और दोनो प्रेमी जोड़ों ने एक दूसरे को पसंद कर लिया । एक जोड़ी में प्रेमिका पिछड़े वर्ग की है तो प्रेमी दलित वर्ग से है । अलग वर्ग के होने के चलते दोनो के सम्बंध होने में दिक्कतें आ रही थी । इसी तरह दूसरी लड़की दलित तो उसका प्रेमी भी दलित ही है । दोनो लड़कियां आपस मे सहेली भी थी और दोनो एक दूसरे के प्यार के बारे में जानती भी थी । मंगलवार की सुबह दोनो एक राय होकर घर से निकली और अपने प्रेमियों के साथ भाग निकली । जब देर तक दोनो घर नहीं पहुंची तो दोनो के परिजनों में हड़कम्प मच गया । दोनो के परिजनों ने घूरपुर थाने पहुंचकर दोनो को नामजद करते हुए शिकायती पत्र दिया है । बताया गया कि एक अभी नाबालिक ही है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार सवार शातिर बदमाशों ने ट्रक चालक खलासी को बंधक बनाकर ट्रक लूट लिए

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** अयोध्या से ट्रक लेकर प्रयागराज जा रहे ट्रक चालक और खलासी को कार सवार शातिर बदमाशों ने अपनी कार को ट्रक के आगे लगा कर रोक लिए। तथा चालक एंव खलासी को बंधक बनाकर ट्रक व हजारों रुपया मोबाइल लूट लिए। ट्रक मालिक ने मऊआइमा थाने में अज्ञात शातिर बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या के कूडे केशवा निवासी सत्य कुमार तिवारी पुत्र कडेदीन तिवारी की ट्रक वही के स्थानी निवासी प्रदीप कुमार चलाते हैं। तथा साथ में खलासी भी रहता है। बताते हैं कि ट्रक लेकर अयोध्या से प्रयागराज के लिए चालक प्रदीप कुमार चला जैसे वह मऊआइमा के ग्राम दुबाही नहर के आगे पहुचा एक कार पर तीन शातिर बदमाश सवारों ने रात लगभग डेढ बजे ओवरटेक करके ट्रक के आगे कार खडी कर चालक और खलासी को बंधक बनाकर कर एक सुनसान क्षेत्र में खाली मकान में बंद कर छह हजार रुपये और मोबाइल छीन कर ट्रक लूट कर भाग गए। चालक और खलासी किसी तरह बंधक से छूट कर मऊआइमा थाने आए और आपबीती सुनाई और ट्रक मालिक को सूचना दी ।ट्रक मालिक ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### सड़क की दयनिक दशा लोगों का चलना दूभर

**लेडियारी।** बिधान सभा कोरांव तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत डीही खुर्द मार्ग पर भारयुक्त बाहनो के चलने के कारण सड़क पूरी तरह से बैठ गई है। आपको बताते चले कि यह सड़क पी डब्लू डी से बहुत पहले बनाई गई थीं नारीबारी के पास मवैया टोन्स नदी में पुल बनाया जा रहा है इस लिए मध्यप्रदेश से निकलने वाले भार वाहक बाहन सोनौरी मध्य प्रदेश से बड़ोखर होते हुए डीही खुर्द रोड से गुजरते हुए लेडियारी बाजार में आते हैं।सिगंल रोड होने के नाते भूखलन में तब्दील हो गई है चार चक्के छोटे बाहनो को इस रोड से गुजरते में गाड़ियों के निचले भाग जमीन में छू लेते हैं किसी का सेंसर तो किसी का मोबिल चेम्बर फट रहा हें। इस रोड से कई गांवों का मिलान करने से लोगों का आवागमन बना रहता है रोड से संबंधित अधिकारियों इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्रीय लोगों ने रोड पर बनें गड़े को भरन कराते नये तकनीक तरिके से बनवाने हेतु जिलाधिकारी प्रयागराज से जाच करा कर तत्काल बनवाने के लिए क्षेत्रीय लोगों ने मांग किया है।

अब हम चल-फिर भी नहीं सकते

# हमारा मुकदमा वापस ले लिया जाए

अखंड भारत संदेश

**1993 में बांबे-हावड़ा मेल का शंकरगढ़ में ठहराव किए जाने की मांग को लेकर किया गया था आंदोलन**

**व्यापारी नेताओं ने सांसद रीता जोशी से की मुलाकात, बताया डीएम बांदा के कार्यालय में लंबित है पत्रावली**

**शंकरगढ़।** 1993 में शंकरगढ़ स्टेशन पर बांवे-हावड़ा मेल का ठहराव किए जाने की मांग को लेकर किए गए आंदोलन में नामजद किए गए लोगों ने मुकदमे को वापस लेने की गुहार लगाई गई है। उनका कहना है कि उक्त मुकदमे के कई आरोपी अब इस दुनिया में ही नहीं हैं, जो हैं वह चलने-फिरने लायक नहीं बचे। ऐसे में उन्हे इधर-उधर का चक्कर लगाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शंकरगढ़ के व्यापारी नेताओं ने सांसद डॉ रीता जोशी को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया कि शासन के निर्देश पर मुकदमा की वापसी के लिए थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी एवं एसपी बांदा की अनुशंसा के साथ पत्रावली जिलाधिकारी बाँदा कार्यालय में लंबित पड़ी है। व्यापारी नेता अनूप केसरवानी, शिवराम सिंह, भाजपा नेता दिनेश तिवारी के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी को ज्ञापन पत्र सौंपकर उक्त मामले में अविलंब कार्यवाही की मांग उठाई है। शंकरगढ़ उद्योग व्यापार कल्याण समिति की मांग पर सांसद रीता जोशी ने प्रदेश सरकार से उक्त प्रकरण में अतिशीघ्र निर्णय लेने की अपील की है। बताते चलें कि 1993 में बांबे-हावड़ा मेल 3003 अप/3004 डाउन के ठहराव को लेकर स्थानीय नागिरकों ने शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन किया था, जिसमें जीआरपी मानिकपुर द्वारा ने लगभग 16 प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सहित 1500 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया था। मुकदमा नंबर 1602/93 व 1603/93 व 1607/93 धारा 153 व 174 सरकार बनाम रमाशंकर मिश्र व दल बहादुर सिंह आदि को वापस लिए जाने के लिए 2021 में सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को लिखा था। जिस पर शासन ने जिलाधिकारी बांदा से आख्या मांगी थी।उक्त प्रकरण के ज्यादातर आरोपी 70 वर्ष से ऊपर हो गए है। कई लोगों की मृत्यु हो गयी है और कई बीमार रहने लगे हैं। उक्त आंदोलन के बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री सीके जाफर ने बांबे-हावड़ा मेल का ठहराव कर दिया था। भाजपा नेता दिनेश तिवारी ने बताया कि व्यापारियों की मांग पर सांसद ने यथाशीघ्र निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया है। कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संवेदनशील सरकार है। मुकदमें में प्रभावित जनों की उम्र व वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मुकदमा वापस लेने की कार्यवाही को जल्द से जल्द पूरा किए जाने का आश्वासन मिला है।

# महापौर ने सफाई कर्मियों का किया सम्मान

अखंड भारत संदेश



नैनी में सफाई कर्मचारियों का महापौर ने किया सम्मानित

**नैनी, प्रयागराज।** मंगलवार को नगर निगम जोन 5 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वणिम 8 वर्ष कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर अनुसूचित मोर्चा नैनी मंडल द्वारा जॉन 5 में सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि महापौर अभिलाषा गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि गणेश केसरवानी महानगर अध्यक्ष, राज कुमार सोनकर जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन अनुसूचित मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह उर्फ डब्बू वरिष्ठ समाजसेवी ने किया। कार्यक्रम में संबोधित करने वालों में नरसिंह, जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ भाजपा जोनल अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, नैनी मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी, राजन शुक्ला, कार्यालय मंत्री महानगर मयंक यादव,दिनेश कनौजिया, कैलाश बंशकार, गणेश भारतीय, ओम प्रकाश गौतम, प्रदीप भारतीय, मनीष भारतीय, ओम प्रकाश मिश्रा, डॉ बीके दिवेदी, विजयलक्ष्मी पांडे, घनश्याम जायसवाल, राकेश जयसवाल, नीरज शर्मा, आकांक्षा, नीलम यादव पार्षद, दिनेश पटेल, रवि मिश्रा, रामजी मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

# अफवाह फैलाने वाले को बक्सा नही जाएगा : एसडीएम

अखंड भारत संदेश

## धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन




**रत्योंरा।** बीते शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद प्रयागराज में हुए बवाल को लेकर थाना कोरांव में मंगलवार को मस्जिदों एवं मंदिरों के धर्मगुरुओं व बाजार के अन्य संभ्रांत लोगों के बीच थाना कोरांव में उप जिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी शुभम श्रीवास्तव ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले को बक्सा नही जाएगा ।पुलिस प्रशासन सदैव सहयोग के लिए तत्पर है। पत्रकार धर्मगुरु एवम संभ्रांत लोग यह सुनिश्चित करें कि कहीं अगर लगता है कि अराजकता फैला कर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है, तो ऐसे लोगों की तत्काल सूचना पुलिस को देते हुए मुझे भी अवगत कराएं। जिससे समय रहते स्थिति को संभाला जा सके और अराजकता फैलाने वाले लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है, उन्हें किन चीजों को फैलाना चाहिए किन बातों को नहीं फैलाना चाहिए इसकी बिना परवाह किए ही सोशल मीडिया पर मजाक में भी अफवाह फैलाते हैं। इससे अनावश्यक रूप से कार्रवाई का शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी एवं बच्चों को अभिभावक सोशल मीडिया के प्रभाव से कौन सी चीजें गैरकानूनी है और कौन कानूनी है इसका कराते हुए उन्हें हिदायत दे जिससे सौहार्द बना रहे। इसी प्रकार थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाह व भ्रामक चीजों में न पड़ने की बात कहते हुए कहा कि अगर लोगों को कहीं ऐसा लगता है कि कहीं कोई उपद्रव होने वाला है, या कोई गलत अफवाह फैला कर सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ना चाहता है, तो इसकी सूचना तत्काल में दे जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके। जुमा की नमाज के बाद प्रयागराज में हुए बवाल को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जो कहीं भी सोशल मीडिया के माध्यम से अथवा सार्वजनिक स्थानों पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीस कमेटी की बैठक में कोरांव बाजार के मस्जिदों के धर्मगुरु एवं मंदिरों के पुजारी तथा बाजार के अन्य संभ्रांत लोग उपस्थित रहे।

## शौच के लिए घर से निकला किशोर लापता

**कुण्डा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पूरे धुंधुर लवाना भवानीगंज निवासी अंकित मिश्रा उम्र 25 वर्ष जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही है पुत्र इंद्रकुमार दिनांक 01 जून को घर से शौच के लिए निकला था जो कुछ घंटों तक घर नही लौटा तो परिजन काफी खोजबीन किया परन्तु उसका कोई अता पता नही चला जिसकी सूचना आस पास के गांव व रिश्तेदारी में भी दी जा चुकी हैं परन्तु अभी तक कुछ अता पता न चल पाने से परिजन किसी प्रकार की अनहोनी को लेकर काफी चिंतित हैं काफी खोजबीन के बाद कुछ पता न चलने पर परिजनो ने सूचना नजदीकी थाना नवाबगंज पुलिस को दी है पुलिस खोजबीन कर रही हैं आज कई दिन बीत जाने के बाद अभी तक कोई सुराग नही मिल पाया है।

# कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव जितेन्द्र तिवारी का करछना में हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश



राष्ट्रीय सचिव का करछना में स्वागत करते कांग्रेस के लोग

**करछना।** भारतीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र तिवारी पहली बार शहर पहुंचने पर जगह-जगह जोर दार स्वागत एवं अभिनन्दन किया कांग्रेस के लोगों ने सबसे पहले बड़े हनुमान जी जाकर मत्था टेका, इसके बाद युवाओं ने उनका बालसन चौराहे पर मालयर्पण कर स्वागत किया, इसके बाद जितेन्द्र तिवारी ने महात्मा गांधी को और विश्विद्यालय जाकर शहीद पद्मधर को माल्यार्पण किया. और वहां अनशनरत छात्रों को छात्रसंघ बहाली के लिए समर्थन दिया. इसके बाद नैनी एवं करछना में में स्वागत हुआ. इस मौके पर रंग राज सिंह, डॉ दिनेशकुमार सोनी, चंद प्रकाष तिवारी, आदि बडी संख्या में लोग स्वागत है शामिल रहे, इसी क्रम में विकास सिंह, प्रांजल केशरवानी, आयुष मिश्रा, रूपेश मार्शल, आयुष मिश्रा, सहजादुल हक, सत्यम सिंह, माधवी राय, वीरेंद्र चौबे,अभिनेस तिवारी, अम्बुज ओझा, बंटू यादव, विराज शुक्ल, फरदीन, अवतार मिश्रा,राजुल गाँधी पाठक, फैजान आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राहगीरों को पिलाया गया शरबत

**कुण्डा।** तहसील क्षेत्र कुण्डा के अन्तर्गत आने वाले जगदीशपुर नई बाजार के संकट मोचन धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिक्षक व समाजसेवी मनीष पाण्डेय द्वारा सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया।सुन्दर काण्ड पाठ के साथ साथ आने जाने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया गया।इसके उपरांत कढ़ी चावल का प्रसाद भी वितरित किया गया।इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ कुण्डा अनिल पाण्डेय,उमाकान्त पाण्डेय,लवलेश त्रिपाठी, योगेश (अंशू )पाण्डेय एडवोकेट ,सुरेश पाण्डेय, कुण्डा तहसील के पूर्व अध्यक्ष के के मिश्रा,परमानन्द यादव,शीला पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, सुरेंद्र गिरि,विनोद तिवारी एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

### पति पत्नी व दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कुण्डा।** कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के रजनपुर समापुर गांव निवासी मोहिनी 45 पत्नी महेन्द्र को गांव के ही कुछ लोगों ने मार पीट दिया था।जिसकी शिकायत मोहिनी ने कुण्डा पुलिस से की थी।कुण्डा पुलिस मोहिनी का मेडिकल कराकर गांव के ही गुड़िया पत्नी सुरेंद्र, सुरेंद्र व दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर ली है।

# 21 जून तक चलने वाले योगाभ्यास का विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कम्पनी बाग में 14 जून से 21 जून, 2022 तक नियमित रूप से योग प्रोटोकॉल के अन्तर्गत कराये जाने वाले योगाभ्यास के प्रथम दिन का दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक जी ने उपस्थित लोगो से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास आवश्यक है। सभी लोगो को नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए, उससे मन-मस्तिष्क तथा शरीर स्वस्थ्य रहता है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कहा कि नियमित योग करने से व्यक्ति अपने को स्वस्थ्य एवं चैतन्य महसूस करता है और ऊर्जा के साथ अपने कार्यों एवं दायित्वों को सम्पादित करता है। इस अवसर पर मा0 विधायक फाफामऊ, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों



योगा अभ्यास करते लोग

एवं काफी संख्या में उपस्थित आमजनों ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक धमेन्द्र मिश्र के द्वारा लोगो को योग करने के तरीके के बारे में योगाभ्यास करके बताया गया। उल्लेखनीय है कि जनपद में कुल 09 लाख लोगो को योग से जोड़ने एवं भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराये जाने का लक्ष्य प्रस्तावित है। 21 जून तक नियमित रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायतों, न्याय पंचायतों, स्थानीय निकायों एवं नगर निगम के प्रत्येक वार्डों में नियमित रूप से योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जायेगा। योगा कार्यक्रम के तहत योग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति आयुष कवच पर योग करते हुए अपना फोटो अवश्य अपलोड करें। 21 जून को योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम संगम क्षेत्र में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी ए0के मौर्या, आयुर्वेद अधिकरी डॉ0 शारदा प्रसाद सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगणों के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एसआरएन में मरीज के बेटे की डॉक्टरों ने की पिटाई, बेहोश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल के आर्थोपेडिक्स सर्जिकल विभाग में मरीज के साथ आए उसके बेटे की डॉक्टरों ने जमकर पिटाई कर दी। वह काफी देर तक बेहोश रहा। डॉक्टरों ने खुद उसका इलाज भी किया। घटना के बाद वार्ड में भर्ती मरीज को दूसरे वार्ड में भेज दिया गया। लवरहा थाना करछना के नारायण मिश्रा को मेल इमर्जेंसी सर्जिकल वार्ड के 34 नंबर बेड पर भर्ती किया गया था। उनके साथ उनका बेटा शिवम मिश्रा और कुछ अन्य लोग थे। ड्यूटी पर तैनात जूनियर डॉक्टरों ने वार्ड में भीड़ नहीं लगाने की बात कही। शिवम और परिवार के दूसरे लोग मरीज को अकेले छोड़ने की स्थिति में नहीं थे। इस पर चिकित्सकों से विवाद शुरू हो गया। इसी बीच दूसरे वार्डों के चिकित्सक लामबंद हो गए और शिवम पर हमला बोल दिया। लात-घूंसों से पिटाई में शिवम बेहोश हो गया। चिकित्सकों ने शिवम को उठाया और इलाज के बाद छोड़ा। इधर, गंभीर हालत में नारायण मिश्रा को पुरानी बिल्डिंग के सर्जिकल वार्ड 15 के 31 नंबर बेड पर स्थानांतरित कर दिया गया। घटना में पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। एसआरएन चौकी प्रभारी ने बताया कि जानकारी के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। चिकित्सकों का आरोप है कि मरीज के पुत्र ने उनपर कुर्सी से हमला बोला। मामले में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। इधर, घटना से आहत और भयभीत परिजन नारायण मिश्रा को बेहोशी की हालत में छोड़कर लापता हो गए। वहीं, एक अन्य मामले में कार्डियोलाजी विभाग में मरीज लाने वाली महिला कांस्टेबल की विभागीय कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति खड़ी हो गई। इस मामले में भी पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। तब जाकर मामला शांत हुआ।

# श्रद्धालुओं की कार रीवा में डंपर से टकराई 3 की मौत 2 घायल

## सभी जा रहे थे मैहर दर्शन करने

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** थरवई इलाके से सोमवार रात मध्य प्रदेश के मैहर में दर्शन-पूजन के लिए रवाना हुए लोगों की कार डंपर से जा भिड़ी। इस अनहोनी में एक बालिका समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हुए। यह दुखद हादसा रीवा जनपद में हुआ। जख्मी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की खबर यहां थरवई में परिवार तक पहुंची तो हाहाकार मच गया।

### रात में रवाना हुए, सुबह हो गई अनहोनी

थरवई क्षेत्र के गोड़वा निवासी रामचंद्र यादव का बेटा सौरभ यादव सोमवार रात अपने दोस्त और रिश्तेदारों के साथ मैहर में दर्शन-पूजन के लिए कार में निकला था। उनकी कार भोर में रीवा जनपद से गुजर रही थी तभी खड़े डंपर से जा भिड़ी। आसपास मौजूद लोग पहुंचे और पुलिस को खबर दी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार में फंसे लोगों को किसी तरह निकाला। इस दुर्घटना में 25 वर्षीय सौरभ यादव, उसके रिश्तेदार जय सिंह यादव, उनकी बेटी साक्षी निवासी महमदपुर थाना नवाबगंज की मौत हो गई। थरवई में कटिया गांव निवासी 15 वर्षीय अनमोल सिंह, जितिन (16 वर्ष) और कमल (18 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। रीवा पुलिस ने घायलों को इलाज के अस्पताल पहुंचाया। रीवा से पुलिस ने यह दुखद सूचना यहां मृतकों के घर में दी तो कोहराम मच गया। पीड़ित परिवार के लोगों को रीवा रवाना हो गए। हादसे से तीन परिवारों में मातम पसरा है। परिवार की महिलाएं रो-बिलख रही हैं। लोगों का कहना है कि इसे ही विधि का विधान कहते हैं। सभी जा रहे थे भगवान से आशीर्वाद लेने लेकिन मौत ने झपट्टा मार दिया।

# एक करोड़ इनाम के लालच में 20 हजार गवाएं

**प्रयागराज।** कौन बनेगा करोड़पति या लकी ड्रा में एक करोड़ रुपये इनाम जीतने का मैसेज आए तो सावधान हो जाएं। साइबर ठग व्हाट्सएप कॉल व मैसेज कर ठगी करने लगे हैं। प्रतापगढ़ निवासी प्रिया अपने भाई प्रियांशु पांडेय के साथ अल्लापुर में रहती हैं। उसने साइबर ठगों के खिलाफ जार्जटाउन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस को बताया कि साइबर ठग ने उसके भाई प्रियांशु को व्हाट्सएप पर कॉल कर बताया कि इनाम में उसे एक करोड़ रुपये मिला है। साइबर ठग की बातों में प्रियांशु फंस गया। इनाम की राशि लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिया। साइबर ठग ने और रुपये मांगे तो प्रियांशु ने बहन से 15 हजार रुपये ट्रांसफर करने के लिए कहा। प्रिया को शक हुआ तो उसने उस नंबर पर कॉल किया लेकिन शातिर का मोबाइल ऑफ था। आखिर में पुलिस से मदद मांगी। जार्जटाउन पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने विश्व रक्त दाता दिवस मनाया,मेयर ने की शिरकत

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दिनांक 2022 वर्ल्ड रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य पर यूफोरियल यूथ सोसाइटी प्रयागराज साथ ही साथ होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल लहरतारा वाराणसी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया यूफोरियल यूथ सोसाइटी, सीआईएसएफ, इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्लड बैंक सिविल लाइन एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान एवं जागरुकता शिविर का आयोजन इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्लड बैंक सिविल लाइन प्रयागराज में किया गया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रयागराज की मेयर अभिलाषा गुप्ता नन्दी थीं, कार्यक्रम का शुभारंभ प्रयागराज की मेयर के द्वारा दीप प्रज्वल कर किया गया।

मेयर अभिलाषा गुप्त नन्दी ने यूफोरियल यूथ सोसाइटी, सीआईएसएफ, इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन ब्लड बैंक सिविल लाइन एवं रोटरी क्लब संस्थ का हौसला



विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में यूफोरियल यूथ सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर में मेयर के साथ

बड़ाया व जमकर सराहना की एवं लोगों की मेडिकल समस्याओं से संबंधित बातों को भी सुना एवं रक्तदान से संबंधित समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य था लोगो को थैलेसीमिया से पीड़ित लोगो के प्रति जागरूक करना उन्हें समय पर रक्त मुहैया कराना।इस मौके पर लोगो ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ बी बी अग्रवाल, डॉ निकुंज कुमार अग्रवाल, डॉ सुशील कुमार सिन्हा, डॉ अवनीश सक्सेना, डॉ वैशाली सक्सेना, डॉ भागवत पांडेय, डॉ चेतन कपूर, डॉ पीयूष दीक्षित, डॉ के पी श्रीवास्तव, डॉ उमा जयसवाल, डॉ पुष्पा पाल,फरहानआलम, नवीन प्रजापति, देवेश जयसवाल, मेंहदी नकवी,अनीश पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, मोहम्मद सुभान, गगन सिंह,अमन कुमार आदि मौजूद थे।

# प्राथमिक विद्यालय नथऊपुर में मनाया गया अमृत योग सप्ताह

## शिक्षकों के द्वारा बच्चों को सिखाया गया योग, अभिभावक भी रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** विकास खंड कोरांव के प्राथमिक विद्यालय नथऊपुर में योग सप्ताह मनाया गया। जिसके क्रम में शिक्षकों के द्वारा स्कूली बच्चों एवं उनके अभिभावकों को योग सिखाया गया। प्रधानाध्यापक महादेव सिंह के द्वारा फीता काटकर योग सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से योग शिक्षक अजय सिंह, सहायक अध्यापक दिग्विजय नाथ, निर्मला देवी शिक्षामित्र, ज्योति सिंह पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती संजू सिंह, आंगनवाड़ी सहायिका समेत स्कूल की रसोईया तथा ग्रामीण अभिभावक एवं बच्चों के माता-पिता ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने भी योग के प्रति रुचि दिखाई। ग्रामीणों को योग से क्या-क्या लाभ है और उन्हें सही तरीके से किस प्रकार किया जाए आदि के बारे में विस्तार से



बताया गया। योग शिक्षक अजय सिंह के द्वारा बच्चों को योगा सिखाने के दौरान अभिभावकों को प्रतिदिन बच्चों को सुबह समय से उठाकर योग कराने एवं उन्हें नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाध्यापक महादेव सिंह ने स्कूली बच्चों को योगा सिखाते हुए कहा कि नियमित योग करने से स्वास्थ्य सदैव ठीक रहता है। इसलिए प्रत्येक लोगों को नियमित योग करना चाहिए। योग से शरीर निरोग रहता है। इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए उन्होंने विभिन्न प्रकार के योगासन के बारे में बच्चों को परिचित कराया। इसके साथ ही अभिभावकों से नियमित कराने की अपील की।

# 14 वर्षीय किशोरी की मारपीट के दौरान दुपट्टे से दबाकर की गई हत्या

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक किशोरी की हत?या कर दी गई। वारदात गंगापार में थरवई इलाके में सोमवार की में हुई। दो पक्षों में खड़ंजा के विवाद में मारपीट हुई थी। इसी दौरान किशोरी वारदात की शिकार हो गई। आरोप है कि दुपट्टे से उसके गले को दबाकर वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपित फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। गांव में तनाव का माहौल है। थरवई थाना क्षेत्र के विष्णु दास का पूरा गांव निवासी राम बहादुर यादव की पुत्री प्रीति यादव 14 की सोमवार की रात में हत?या की गई। हत?या का आरोप पड़ोसी राजेश भारतीय, राकेश भारतीय, अनुज भारतीय आदि पर है। आरोप के अनुसार प्रीति यादव के दुपट्टे से उसकी हत?या गला दबाकर की गई।बताया जा रहा है कि राम बहादुर यादव व राजेश भारतीय के बीच खड़ंजा को लेकर के काफी दिनों से विवाद चला आ रहा है। सोमवार की रात में करीब नौ बजे पर्वत पड़ोसी राजेश भारतीय व राम बहादुर यादव के बीच कहासुनी और गाली गलौज होने लगी। इसी बीच राम बहादुर की पुत्री प्रीती यादव भी मामले को शांत कराने पहुंची। आरोप है कि उसके दुपट्टे से गला दबा दिया गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना देर रात थरवई पुलिस को परिवार के लोगों ने दी। सूचना पाकर कार्यवाहक थाना प्रभारी चंदन सरोज मैं फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद आला अधिकारियों को सूचना दी गई। थोड़ी देर बाद सीओ फूलपुर रामसागर भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद किशोरी के परिवारवालों से पूछताछ की। इसके बाद शव कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राम बहादुर यादव की तहरीर पर बलवा और हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

# निरीक्षण की कार्यवाही में 28 बाल किशोर श्रमिकों को कराया गया अवमुक्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सहायक श्रम आयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया हैं कि बचपन बचाओ आन्दोलन के तहत जनपद में बाल श्रम प्राविधानों के अनुसार निरीक्षण की कार्यवाही करते हुए कुल 28 बाल/किषोर श्रमिकों को अवमुक्त कराया गया।

कार्यवाही के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी आलोक रंजन, अवनीष कुमार त्रिपाठी, षिवेन्द्र प्रताप सिंह तथा ए0एच0टी0यू0 व ए0जे0पी0यू0 की संयुक्त टीम द्वारा कुल 16 बच्चों का चिन्हांकन किया गया। इसके अतिरिक्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी बंक बहादुर, दिनेष चन्द्र सरोज, निरंकार सिंह के द्वारा कुल 08 बच्चों का चिन्हांकन व श्रम प्रवर्तन अधिकारी महन्थ प्रजापति एवं ज्ञानेन्द्र सिंह तथा ए0एच0टी0यू0 व ए0जे0पी0यू0 की संयुक्त टीम द्वारा कुल 04 बच्चों का चिन्हांकन कर सेवायोजकों के विरूद्ध निरीक्षण टिप्पणियां जारी की गई। निरीक्षण के उपरान्त अवमुक्त किषोर श्रमिकों के पुनर्वासन की कार्यवाही अपनायी जा रही है। बचपन बचाओ आन्दोलन की मूल भावना पर बल देते हुए किषोर श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन के माध्यम से ऐसे बालकों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर बल दिया जाएगा। किषोर श्रमिकों के अभिभावकों को उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया जायेगा। इसके साथ-साथ ही अवमुक्त कराए गए बाल व किशोर श्रमिकों को बाल श्रमिक विद्या योजना के अन्तर्गत पात्रतानुसार लाभ दिलाया जाएगा।इसके अतिरिक्त मा0 राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के द्वारा दिनांक एड 12 जून, 2022 से 20 जून, 2022 तक बाल श्रम उन्मूलन सप्ताह मनाये जाने के निर्देष दिए गए। उक्त के अनुक्रम में लालाराम, सहायक श्रमायुक्त के द्वारा सेवायोजकों से बाल/किषोरों से कार्य न करवाये जाने के संबंध में आवाहन किया गया और साथ ही यदि किसी सेवायोजक के द्वारा बालकों एवं किषोरों से श्रम कार्य कराया जायेगा, तो ऐसी स्थिति में ऐसे सेवायोजकों के विरूद्ध बालक एवं किषोर प्रतिषेध व विनियमन अधिनियम, 1986 एवं यथासंषोधित 2016 में दिए गए प्राविधानों के अनुसार न्यूनतम 06 माह की जेल जिसे बढ़ाकर 02 वर्ष तक किया जा सकता है अथवा न्यूनतम रू0 20,000/- का जुमार्ना जिसे बढ़ाकर रू0 50,000/- तक किया जा सकता है अथवा दोनों से ही दण्डित किया जा सकता है।

# न्यायिक कार्य से विरत रहने पर हाईकोर्ट नाराज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बार एसोसिएशन मुजफ्फनगर के न्यायिक कार्य से विरत रहने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि बार एसोसिएशन पंजीकृत सोसायटी से अधिक नहीं है और वह अपने सदस्यों के लिए कामकाज करती है। उससे यह अपेक्षा नहीं की जा सकती है कि वह अदालतों के न्यायिक कामकाज में बाधा उत्पन्न करे। यह आदेश जस्टिस जेजे मुनीर ने रजनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

**ट्रायल कोर्ट के आदेश को सही ठहराया, याचिका खारिज :**

मामले में याची ने सत्र न्यायालय के फैसले को चुनौती थी। सत्र न्यायालय ने याची की उपस्थिति कोर्ट में न होने पर याचिका को खारिज कर दिया था। याची ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दाखिल की। तर्क दिया कि सुनवाई के दौरान बार एसोसिएशन का चुनाव चल रहा था। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत थे। इस वजह से कोर्ट के समक्ष याची पक्ष की ओर से कोई उपस्थित नहीं हो सका। हाईकोर्ट ने कहा कि यह कल्पना से परे है कि अदालत का काम ठप हो जाएगा। कोर्ट ने कहा कि बार एसोसिएशन पंजीकृत सोसायटी है। वह अपने साथियों के लिए काम करती है। उसका यह कार्य नहीं है कि न्यायालय के कार्यों में बाधा उत्पन्न किया जाए। कोर्ट ने मामले में ट्रायल कोर्ट के आदेश को सही ठहराया और याचिका को खारिज कर दिया।

# प्रशासन नें धर्म गुरुओं से शान्ति व्यवस्था को लेकर हुई चर्चा

अखंड भारत संदेश

**नैनी प्रयागराज।** मंगलवार शाम नैनी थाना कोतवाली परिसर में पुलिस अधीक्षक यमुनापार श्री सौरभ दीक्षित एसडीएम करछना अमृता सिंह , क्षेत्रधिकारी करछना राजेश कुमार यादव ने पीस कमेटी की बैठक की बैठक में शांति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नैनी में पढ़ने वाले मंदिर एवं मस्जिद के धर्म गुरुओं और रढड यूथ टीम /जिला अपराध निरोधक समिति/सिविल डिफेंस के साथ की गई पुलिस अधीक्षक ने सभी धर्म गुरुओं और व्यापारी गण अपील की अपने क्षेत्र में शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और सोशल मीडिया किसी प्रकार गलत संदेश ना फॉरवर्ड करें और दूसरों को भी रोके और कोई समस्या हो मेरे उडऋ नंबर पर संपर्क करें। इस मौके पर नैनी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार वर्मा/नैनी थाना निरीक्षक अपराध मोहम्मद अली/ नैनी थाना एसएसआई अजय कुमार सिंह समस्त चौकी इंचार्ज के साथ मौजूद रहे।



### नैनी में क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से शांति की अपील

विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक जमुना पार क्षेत्र अधिकारी के निदेर्शानुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की लोगों से अपील की गई नेत्र में एसपीओ टीम अपने टीम के साथ नैनी क्षेत्र में दो पहिया वाहन से भ्रमण किया गया। विभिन्न इलाकों में जाकर आम लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

### गैंगेस्टर में वंचित पिता पुत्र सहित चार गए जेल

**झूंसी।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को हत्या व गैंगेस्टर के मामले में वांछित चल रहे चार पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र में अपराधियो की चल रही धर पकड़ से हड़कंप मचा हुआ है। झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि पखवारे भर पहले कोहना में बच्चो के विवाद में उतरांव के साबिर की चापड़ से हत्या करने वाले राशिद व उसके बेटे हाशिम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया मामले में फरार नाजिम की तलास में पुलिस दबिस दे रही है वही गैंगेस्टर वांछित हेतापुर चमनगंज निवासी लालजी यादव व लालजी के बेटे सूरज यादव को जेल भेजा गया।

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**कुंडा ।** बाघराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत छेउंगा नहर के पास चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कृष्ण कुमार यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव निवास ग्राम सिया बगहा को गिरफ्तार कर लिया।उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई बाघराय इंस्पेक्टर अवन कुमार दीक्षित द्वारा की गई।

# 200 से ज्यादा रक्तदानियों ने किया रक्तदान

**प्रयागराज।** प्रयागराज के ब्लड बैंकों में मंगलवार को सुबह से ही रक्तदानियों की भीड़ लगी रही। रक्तदाता दिवस के मौके सभी ब्लड बैंकों में करीब 200 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन, टीबी सप्रू ब्लड बैंक, काल्विन, एसआरएन और इलाहाबाद नर्सिंग होम एसोसिएशन में सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र भी दिया गया।बेली ब्लड बैंक में राजीव मिश्रा ने 86वीं बार रक्तदान किया। अपर आयुक्त पुष्पराज सिंह ने भी रक्तदान किया। राजीव ने कहा कि रक्तदान कर हम जरूरतमंदों की जान बचाने का प्रयास करते है। ब्लू ऑगेर्नाइजेशन के नौजवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजपा उपाध्यक्ष अनिरूद्ध सिंह, ऑर्गनाइजेशन के प्रेसिडेंट संदीप दुबे, देवराज सिंह, रक्तकोष प्रभारी डॉ. उत्तम सिंह यादव, माउंटआबू राजस्थान से सहाय रवि सिंह, सिलवासा गुजरात से सुमित तिवारी, ज्ञान प्रकाश ओझा व अन्य रहे।इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के ब्लड बैंक में 59 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। रक्तदान में वासुदेव पांडेय, एसपी तिवारी, डॉ. रूपा कपिल, डॉ. मृत्युंजय, सुषमा नायक, डॉ.एसएस नायक, ज्ञानेंद्र प्रधान का सहयोग रहा। इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. सुबोध जैन, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. शार्दूल सिंह, डॉ अनिल शुक्ला व अन्य रहे।

### रक्तदान की सबसे बड़ा दान : डॉ अमित

**सहसों।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों बाईपास पर मंगलवार को एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर डॉक्टर अमित यादव ने कहा कि आज हमारे देश में रक्तदान ही सबसे महादान है जिससे बड़ा कोई दान नहीं है इस दान से गरीब बेसहारा परिवार के जरूरतमंद को जीवन दान मिल सकता है। उन्होंने लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए कहा कि 18 वर्ष से लेकर 58 वर्ष तक के एक स्वस्थ व्यक्ति को कम से कम साल में एक बार अपने शरीर से रक्तदान कर सकता है। इससे आपके शरीर को कई तरह के लाभ होते हैं। जैसे- हृदय स्वास्थ्य में सुधार, शरीर में ऑक्सीजन लेवल ठीक रहना, शारीरिक वजन लेबल सही रहना, शारीरिक कैलोरी, उच्च रक्तचाप तथा लीवर को मजबूत करने में बहुत ही उपयोगी होता है तथा कैंसर का खतरा भी कम होता है मानसिक संतुलन ठीक रहता है। इस मौके पर डॉ अरुण कुमार मिश्रा, डॉ दिलीप कुमार, डॉ जेसी पांडे , राजेश, नीरज पांडे , अनिल नेता, साधना यादव, जय सिंह सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# यूरोपीय देशों में पढ़ी जाएगी बेल्हा के लाल प्रो असलम की एडवांस अलजेब्रा

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी गणित में जिले को पहचान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर क्षेत्र जैतीपुर कठार निवासी शिक्षक मोहम्मद सिद्दीक के पुत्र मोहम्मद असलम सिद्दीक द्वारा लिखित एडवांस लीनियर अलजेब्रा विद एप्लीकेशन अब पूरी दुनिया की यूनिवर्सिटी में छात्रों द्वारा पढ़ी जाएगी। पिछले तीन सालों से तीन प्रोफेसर्स के अथक परिश्रम से लिखित पुस्तक को कल अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ प्रो तारिक मंसूर ने विमोचन किया।

इस पुस्तक को अंतरराष्ट्रीय अमेरिकन पब्लिकेशन स्प्रिंगर ने प्रकाशित किया है। इस पुस्तक को एएमयू के प्रो डॉ मोहम्मद अशरफ,



मो0 असलम सिद्दीक

प्रो डॉ मोहम्मद असलम सिद्दीक और यूनिवर्सिटी ऑफ मैसिनिया इटली के प्रो विसेंजो डी फिलिप्स संयुक्त रूप से लिखा। बता दें कि प्रो असलम इस समय अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में मैथमेटिक्स डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

गणित लेखन और शोध में काफी रुचि रखते हैं। इनके कई शोध अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रों सिल्वोका, मिसकोला एव जॉर्जियन में प्रकाशित हो चुके हैं, जिसमे से अलजेब्रा की डेरिवेशन इन रिंग एंड नियर रिंग प्रमुख रही है। बचपन से ही मेधावी रहे असलम ने पंडित जवाहरलाल लाल नेहरू इंटर कालेज जगेशरगंज, राजकीय इंटर कॉलेज एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षा ग्रहण की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के टॉपर होने पर यूपी के राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल से सम्मानित किया था। असलम सिद्धिक बताते हैं कि यह पुस्तक उन विद्यार्थियों के लिए बहुत ही फायदे मंद साबित होगी जो अलजेब्रा से बीएससी, एमएससी या पीएचडी कर रहे हैं। इनकी इस कामयाबी पर जिले के शिक्षाविदों ने बधाइयां दी हैं। असलम ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपनी मम्मी फतीमुल निशा और पत्नी डॉ बेबी परवीन को देते हैं। इनके दो भाई मोहम्मद अकरम सिद्धिक जिला अभियोजन अधिकारी एवम मोहम्मद अरहम सिद्धिक सिविल इंजीनियरिंग एजुकेटर हैं।

## नामजद आरोपी समेत अज्ञात के खिलाफ बीस हजार नकदी व सामान चोरी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक नामजद तथा कुछ अज्ञात आरोपियो के खिलाफ नकदी समेत घरेलू सामान चोरी किये जाने को लेकर सोमवार की रात केस दर्ज किया है। चकौड़िया गांव निवासी रामसजीवन पुत्र विन्देश्वरी प्रसाद ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस मई की रात गांव के मनू पुत्र चंद्रभान गौतम ने उसके मकान का ताला तोड़कर घर मे रखी बीस हजार नकदी तथा इन्वर्टर, पंखा व बैट्री आदि कीमती सामान चोरी कर ले गये। घटना के दूसरे दिन उसने घर मे चोरी की वारदात घटित देखी तो आवाक रह गया। पीडित ने पुलिस को सूचना दी। जांच के नाम पर पुलिस ने केस दर्ज करने में हीलाहवाली की। अफसरो की फटकार पर पुलिस ने नामजद आरोपी समेत अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# 26 एनसीसी कैडेटों ने किया रक्तदान

## विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल में किया रक्तदान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 18 यूपी बटालियन एनसीसी प्रतापगढ़ के तत्वावधान में स्थानीय जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ के ब्लड बैंक में स्थानीय विद्यालयों तिलक इंटर कालेज प्रतापगढ़, पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़, स्वामी करपात्री इंटर कालेज रानीगंज, रामराज इंटर कालेज पट्टी व कालूराम इंटर कालेज शीतलगंजके नौ बालिका व 17 बालक सहित कुल 26 कैडेटों ने रक्तदान किया।

कैडेटों के साथ बटालियन में कार्यरत नायब सुबेदार हरीसिंह भान ने भी रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले कैडेटों में शिवानी पटेल, रुचि, अलीशा सिंह, प्रगति पाण्डेय, खुशी त्रिपाठी, कोमल, विभा पटेल, पूजा गौतम, कीर्ति उपाध्याय,



फोटो 4-रक्तदान करने के बाद प्रमाण पत्र के साथ एनसीसी कैडेट्स

मंजीत कुमार, मोहम्मद अलीम, जगदीश यादव, अभिषेक दुबे, आदर्श यादव, अमन शर्मा, विशाल सिंह, हर्ष सिंह, सनी गौड़, रोहित मौर्या, विकास उपाध्याय, हर्षित मिश्रा, विकास कुमार वर्मा, मो0 अरमान शामिल रहे। इस मौके पर कैप्टन राकेश तिवारी, ले0 के0एम0 त्रिपाठी, ले0 अखण्ड प्रताप सिंह, एनसीसी राकेश कुमार तिवारी, अखण्ड प्रताप सिंह, कृष्ण मणि त्रिपाठी, सुरेश कुमार मिश्र, संजय श्रीवास्तव, अंकुर मिश्र, सुबेदार हरी सिंह, विनय पाल मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा, लगे जयकारे



विश्वनाथगंज बाजार में निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज बाजार मे मंगलवार की सुबह नौ बजे धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सिर पर कलश रखकर मंगलगीत गाती हुई महिलाएं शामिल हुई। वहीं युवाओं के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना। कलश यात्रा की वापस आने के बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। दुर्गा पूजा स्थल मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार की बाद कलश यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों के साथ निकली कलश यात्रा विश्वनाथगंज शनिदेव मोड़ से मांधाता मोड़ होते हुए कलश यात्रा दुर्गा पूजा स्थल तक आई। इस दौरान रश्मि सिंह, विकास सरोज (प्रधान), फूलकुमारी, शिवकुमारी, माया गुप्ता, रीता चैरसिया, प्रमोद कुमार मिश्रा, बद्री गुप्ता, कल्लू जायसवाल, रामकुमार चैरसिया, रज्जन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# संकट मोचन धाम पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को जिला कचहरी में संकट मोचन धाम पर सुबह आठ बजे सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन जूबाए के पूर्व अध्यक्ष रोहित कुमार शुक्ला, पूर्व महामंत्री जयप्रकाश मिश्र, रुलर्स बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ ओझा, विनय सिंह, अंजनी बाबा, प्रीतम शुक्ला के नेतृत्व में आरंभ हुआ।

सुंदरकाण्ड पाठ के समापन के बाद पूरे विश्व के कल्याण के लिये हनुमान जी की आरती की गई। आरती के बाद संकट मोचन धाम पर महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, एसपी सतपाल अंतिल, एडीएम मुकेश चंद्र, सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय, विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, डा0 वीपी सिंह, डा0 मनीष सिंह, डा0 पीपी पाण्डेय, रोशनलाल उमरवैश्य, पं0 ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला, न्यासी मण्डल के अध्यक्ष पं गणेश नारायण मिश्र, आचार्य ओम प्रकाश मिश्र, राजेन्द्र जरियारी, सुरेश तिवारी को संकट मोचन धाम प्रभु रामचंद्र जी की प्रतिमा व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतेन्द्र सिंह, राम प्रकाश सरोज, सुभाष सिंह, द्वारिका मिश्र, विद्या सागर शुक्ल, दिवाकर सिंह, राहुल सिंह, विपेन्द्र सिंह टिक्कू, लल्लू सिंह, प्रशांत गुप्ता, अनिल तिवारी, राजकुमार सिंह मौजूद रहे।

## डीएम, एसपी व विधायक को किया गया सम्मानित



महाप्रसाद वितरण में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

## हनुमान भक्तों की सिर चढ़कर बोली आस्था

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को बाबा घुइसरनाथ धाम समेत मंदिरों मे हनुमान जी की पूजा आराधना मे भक्तों को रमे देखा गया। कड़ी धूप के बावजूद भी मंदिरों मे हनुमान भक्तों का जोश सुबह से देर शाम तक सिर चढ़कर बोलता दिखा। वहीं बाबा धाम मे हुए भण्डारों मे श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। मन्दिरों के गेट व तिराहे चैराहे भी श्रद्धालुओं की ओर से पांचवे मंगलवार को भी राहगीरों को शरबत पिलाये जाने का उत्साह अलग आकर्षण मे देखा गया। लालगंज के बड़े हनुमान जी मंदिर, हरिहरमंदिरम, सीएचसी परिसर मे स्थित हनुमान मंदिर मे भी श्रद्धालुओं की ओर से श्री हनुमान चालीसा व भक्ति संगीत के भी मनोहारी आयोजन दिखे।

# मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करने वाली नुपुर शर्मा की हो गिरफ्तारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा मोहम्मद साहब पर की गई शर्मनाक टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को जिले के उलेमाओं ने पुलिस लाइन स्थित सई काम्प्लेक्स में डीएम व एसपी से मिलकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर नुपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान डीएम व एसपी ने उलेमाओं को आश्वासन दिया कि प्रशासन आप लोगों के साथ है। आपकी बात को शासन तक पहुंचाया जाएगा।

जिलाधिकारी व एसपी को ज्ञापन सौंपने के बाद उलेमाओं की बैठक मदरसा दारुल उलूम गुलशने मदीना, पल्टन बाजार में एकत्र हुए। यहां पर मदरसा के प्रबंधक मौलाना मेराज अहमद हबीबी ने कहा कि नुपुर शर्मा का बयान बेहद ही शर्मनाक है। ऐसे पर उनकी तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिये। प्रधानाचार्य मौलाना मुख्तार अहमद हबीबी ने कहा कि जिले के लोग सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों से दूर रहें और किसी के भी बहकावे में न आएं। मोहम्मद साहब अमन और शांति के रहबर हैं। हमें उनके ही बताए हुए रास्ते पर चलना है। मदरसा बाबुननबी के प्रधानाचार्य मौलाना मोहम्मद रहमानी ने कहा कि नुपुर शर्मा का यह बयान देश में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम किया है। ऐसे में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को धैर्य से काम लेना चाहिये, वे किसी के बहकावे में न आएं। बैठक में मौलाना गुलाम ईशा शाही इमाम, सुजाखर, सांगीपुर, अधिवक्ता शहजाद अंसारी, मौलाना अबू तालिब बाजे अशहब, बरई, कुण्डा, मौलाना रईस, मानिकपुर, मौलाना यूनुस, इमाम मस्जिद, मौजा दर्रा, मौलाना गुलाम मुरसलीन, प्रधानाचार्य जलेसरगंज, मौलाना मोहीम, दरछुट, मुफ्ती सलीम सैफाबाद, मौलाना दाऊद रानीगंज, मौलाना रेहान मदरसा गुलशने मदीना, हाफिज हनीफ अतरसण्ड गौरा, मौलाना यूनुस मदीना मस्जिद, दानिश खान खाना पट्टी लालगंज व मौलाना सद्दाम खटवारा शामिल रहे।

## उलेमाओं ने डीएम व एसपी को सौंपा ज्ञापन




डीएम-एसपी से वार्ता करते जिले के उलेमागण।

## पुलिस चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ धराया

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के छेंवगा नहर चैराहे पर चेकिंग के दौरान यह आई सचिन पटेल व आरक्षी राजेंद्रप्रसाद व हेमंत शर्मा ने एक व्यक्ति को सियारामगंज बाजार से छेंवगा आते समय जब पुलिस ने रोका तो हकबका गया बाइक का कोई भी कागजात नहीं दिखा सका। बाइक में इंजन नंबर एवं चेचिस नंबर व मोटरसाइकिल नंबर फर्जी लिखा गया था। एस आई सचिन पटेल ने कृष्ण कुमार यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव निवासी सिया बगहा को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार करते हुए विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही की।

# कबीर जयंती समारोह पर विश्व शांति की हुई कामना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वधान में कबीर जयंती समारोह श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम संत कबीर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात कबीर वंदना हुई।

भव्य कबीर जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि संत कबीर तत्व ज्ञानी थे। वे मानवता वादी चिंतक थे उन्होंने भेदभाव तथा सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। डा0 रत्न ने विश्व शांति का कामना की। मुख्य अतिथि कवि साहित्यकार अनीश देहाती ने कहा कि संत कबीर समाज सुधारक कवि थे उन्होंने हिंदू-मुसलमान सभी को सही मार्ग पर लाने का प्रयास किया उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथि एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि संत कबीर के मार्ग पर चलकर समाज को सुखमय बनाया जा सकता है। आपसी सौहार्द से समाज सुदृढ़ होगा। संचालन साहित्यकार राधेश्याम दीवाना ने किया। इस अवसर पर प्रेम कुमार त्रिपाठी, अमरनाथ, श्रीनाथ, सरस मौर्य, जितेंद्र कुमार, सूरज, वैभव, अक्षांश आदि ने विचार व्यक्त किया।



फोटो 5-संत कबीर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते संस्था के पदाधिकारी

## आज होगा जगह जगह प्रमोद तिवारी का स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के निर्वाचित होने के बाद आज पन्द्रह जून बुधवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रमों को लेकर कार्यकताओं मे खासा उत्साह है। मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं की बैठक में प्रमोद तिवारी के स्वागत कार्यक्रमों को भव्य बनाए जाने की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया। इधर प्रमोद तिवारी के आगमन के एक दिन पूर्व से ही अगई से लेकर रानीगंज कैथौला व लालगंज इलाके मे प्रमोद तिवारी की आगवानी को लेकर कार्यकताओं के द्वारा कटआउटस तथा झण्डे आदि भी लगाये जाने मे उत्साह का माहौल बना नजर आया।

## जनपद में 20 जुलाई तक धारा-144 लागू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने, विभिन्न एवं त्योहारों को सद्भाव व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के हेतु अपर जिला मजिस्टेªट मुकेश चन्द्र ने 20 जुलाई 2022 तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नही कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलायी जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसी आलोचना नही करेगा जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गयी बातों पर आधारित हो एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नही देगा। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नही किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, एक नली बंदूक व दो नली बंदूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू, बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा।

# अनियंत्रित बोलेरो ने किशोर को मारी टक्कर, मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अस्पताल में मां के प्रसव के दौरान बाइक से खाना लेकर अस्पताल जा रहे एक किशोर को अज्ञात बोलेरो सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह नहर के किनारे खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। कुछ दूर पर खेत में काम कर रहे लोगों ने किशोर को देखा तो शोर मचाया किसी तरह परिजनों को सूचना देने पर एंबुलेंस की सहायता से उसे अस्पताल लाया गया जहां पर रेफर करने पर प्रतापगढ़ ले जाते समय उसकी सांसे थम गई। जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बीबीपुर मुश्तरका गांव निवासी राजेश वर्मा की पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई तो ढकवा स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती हो गई। सोमवार की शाम को प्रसव हो जाने के बाद शाम लगभग 7 बजे राजेश का बेटा प्रिंस (14) बाइक से अपने माता-पिता को खाना देने के लिए जा रहा था। रामगंज नहर पर तेज रफ्तार बोलेरो ने प्रिंस को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह नहर के किनारे एक खेत में जा गिरा। खून से लथपथ होने से आसपास के में काम कर रहे लोग कुछ देर बाद उसके पास पहुंचे और एंबुलेंस बुलाकर परिजनों को सूचित किया। परिजन तथा मौजूद लोग उसे डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ ले गए जहां पर डाक्टरों ने जिले मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में ले जाते समय प्रिंस की सांसे थम गई।

मौत की सूचना परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि 14 साल के प्रिंस को उसके पिता राजेश हमेशा बाइक चलाने से मना करते थे। सोमवार को शौक के कारण मां को खाना ले जाने की जिद करते हुए प्रिंस बाइक लेकर ढकवा बाजार के लिए निकला था जबकि राजेश ने उसे ऐसा करने के लिए मना किया था लेकिन किसे पता था कि रास्ते में ही प्रिंस का मौत इंतजार कर रही हैं प्रिंस की मौत के बाद परिजन पूरी तरह बदहवास है।

## आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने उधार लिये गये सामान को बेंचकर पीडिता का बकाया पैसा वापस न करने पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

बेलहा के अजय सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसके पति अजय सिंह से बाबूगंज निवासी रामअधार यादव के पुत्र अर्जुन प्रसाद ने सोलह लाख कीमती बीज व कीटनाशक दवाईयां उधार ली थी। आरोपी ने इन दवाईयों व बीज को अपने काउंटर से बेंच डाला। आरोपी उधार के सामान के विक्रय का पैसा वापस नहीं कर रहा है। दवा व बीज को धोखाधड़ी से बेंचकर आरोपी पीड़िता को परेशान कर रहा है। तहरीर के आधार पर सोमवार की रात पुलिस ने आरोपी अर्जुन प्रसाद के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अमृत सरोवर, गौशाला, सामुदायिक शौचालय सहित अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में की समीक्षा

## गौशालाओं में फलदार तथा छायादार पौधों का वृक्षारोपण कराया जाएः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में अमृत सरोवर, गौशाला, सामुदायिक शौचालय सहित अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। बैठक में क्षेत्र पंचायत स्तर से बनने वाले अमृत सरोवर के सम्बन्ध में डीसी मनरेगा द्वारा बताया गया कि विकास खण्ड कुण्डा, बाबागंज, कालाकांकर एवं पट्टी से अभी तक प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है।

जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अमृत सरोवर के सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुसार क्षेत्र पंचायत से कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। गोशाला की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद की सभी गौशालाओं में फलदार तथा छायादार पौधों का वृक्षारोपण कराया जाये। वृक्षों की जीवन्ततः एवं सुरक्षा के दृष्टिगत लकड़ी से बने ट्रि-गार्ड भी लगाये जाये ताकि पौधे जीवित रह सके और गौशाला में छाया प्राप्त हो सके। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें और यदि वहां कोई समस्या है तो मौके पर ही उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करें। गौशालाओं में किसी भी तरह की अव्यवस्था या लापरवाही पाये जाने पर सम्बान्धित खण्ड विकास अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। सामुदायिक शौचालय के समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक शौचालय के निर्माण एवं संचालन के सम्बन्ध में शिकायतें प्राप्त हो रही है, उन्होने निर्देश दिया कि सभी खण्ड विकास अधिकारी इस आशय का प्रमाण पत्र मुख्य विकास अधिकारी को प्रस्तुत करें कि उनके विकास खण्ड में निर्मित सामुदायिक शौचालय क्रियाशील है तथा उनकी देखभाल हेतु समूहों को हस्तान्तरित किया गया है और उस पर उनकी सफाई हेतु स्वयं सहायता समूह की सखी तैनात है और उनके द्वारा नियमित संचालन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट देने वाले अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### तहसील सिराथू में प्यास से बिलबिला रहे लोग

**बंद बोतल का मिनरल वाटर पीकर अधिकारी ले रहे डकार**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील में लोग प्यास से परेशान है दो दिन हो गए लेकिन तहसील के नल की सप्लाई लगातार बाधित है वहीं तहसील परिसर में लगे हैंडपाइप से गंदा पानी निकल रहा है। जिसके चलते अधिवक्ता व फरियादी पानी के लिये तहसील से बाहर भटकते नजर आ रहे है। चिलचिलाती धूप व उमस भरे गर्मी ने लोगों का जीना दूभर कर रखा है ऊपर से ये परेशानी है मालूम हो जहाँ जिन अधिकारियों के पास दिन भर फरियादी अपनी फरियाद लेकर माथा टेकते हैं आज उन्ही अधिकारियों के नाक के नीचे लोग गर्मी व प्यास से तड़प रहे हैं। जिन्हें देख फरियादियों को भी अपनी समस्याओं के निस्तारण में बेमानी नजर आ रही है।

वहीं कुछ लोगों ने दबी जुबान से ये भी कह दिया जब अफसर अपने लोगो की प्यास तक नही बुझा पा रहे है तो हमारी समस्या का निस्तारण क्या करेंगे।

# पूर्व विधायक की राइस मिल में लगी आग करोड़ों की मशीन जलकर हुई खाक

**2 घंटे कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने आग पर पाया काबू**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी परसरा के पास पूर्व विधायक संजय गुप्ता की रिद्धि सिद्धि इंड्रस्ट्रीज राइस मिल में पैनल की शॉर्ट सर्किट से मंगलवार की सुबह आग लग गई देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया राइस मिल के अंदर काम कर रहे मजदूरों ने जब तेज लपट देखी तो वह बदहवास हालत में इधर-उधर भागने लगे मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई है किसी को चोट नहीं आई है मजदूरों ने मामले की सूचना पूर्व विधायक संजय गुप्ता और उनके भाई को फोन के जरिए दी मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दिया गया सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची और 2 घंटे से अधिक समय तक पानी की बौछार से आग को बुझाया है इस अग्निकांड में राइस मिल के अंदर रखा धान चावल भूसी और मिल की मशीनें समेत करोड़ों का सामान जलकर खाक हो गया है विकराल आग की लपट में करोड़ो के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। मंगलवार की सुबह तेज लपटों के साथ राइस मिल जलने की सूचना मिलते ही आनन-फानन में फायर ब्रिगेड के अधिकारी संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियों ने 2 घंटे तक प्रेशर से पानी की बौछार मार कर राइस मिल में लगी आग पर काबू पाया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है धान मिल की देखरेख पूर्व विधायक संजय गुप्ता के भाई सुभाष गुप्ता करते हैं।



राइस मिल में आग के बाद मौके पर मौजूद पुलिस

## न्यूज झरोखा

### पूजा पाठ करके सरकारी आवास को बीडीओ ने किया शुद्धिकरण



**कौशाम्बी।** खंड विकास अधिकारी नेवादा का आवास लंबे समय से बंद था इस आवास में लंबे समय से कोई भी खंड विकास अधिकारी नहीं रहते थे वर्तमान खंड विकास अधिकारी बृजेश नारायण तिवारी ने नेवादा खंड विकास अधिकारी के आवास का पूजा पाठ शुद्धिकरण कर गृह पूजन किया है मिली जानकारी के अनुसार जिले के नेवादा ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी आवास का वर्तमान खंड विकास अधिकारी बृजेश नारायण तिवारी ने ओम पुरोहित के द्वारा पूजा-पाठ शुद्धीकरण गृह पूजन करके परिवार सहित गृह प्रवेश किया है इस शुभ अवसर पर विकासखंड नेवादा के अधिकारी एवं कर्मचारी एडीओ पंचायत जितेंद्र शुक्ला बड़े बाबू सुनील कुमार सिंह ग्राम सचिव कुलदीप मिश्रा रमापति यादव अजीत प्रताप सिंह चेतन सिंह सुरेश चौधरी सुनील यादव राहुल सिंह नीलू कैथवास अंशुमान सिंह अनुराग यादव आदि ग्राम सचिव सम्मिलित रहे इस अवसर पर गृह प्रवेश के बाद प्रसाद का वितरण किया गया साथ ही साथ भोजन की भी व्यवस्था की गई

### एम्बुलेंस कर्मचारियों ने एम्बुलेंस में कराया महिला का सुरक्षित प्रसव



**नेवादा कौशाम्बी।** आम जनमानस के लिए वरदान साबित हो रही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 102 एम्बुलेंस सेवा के चालक और सहायक (ई ?म टी ) ने एक महिला का एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव करवाया। बैरगॉव निवासी श्रवण की पत्नी माया देवी को प्रसव पीड़ा होने पर पति ने 102 एम्बुलेंस पर कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची 102 एम्बुलेंस ने श्रवण व उनकी पत्नी माया को आशा निशा सिंह के साथ 102 एम्बुलेंस पर बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सराय अकिल के लिए निकले। रास्ते में बसुहार गांव के नजदीक पहुंचते ही गर्भवती की प्रसव पीड़ा असहनीय हो गयी, फिर एम्बुलेंस चालक रोहित ने एम्बुलेंस को सड़क के किनारे लगाया। ई ?म टी राम भजन गुप्ता ने आशा की मदद से एम्बुलेंस में ही महिला का सुरक्षित प्रसव करवाया। बाद में जच्चा -बच्चा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराय अकिल में भर्ती करवाया, जहाँ दोनों स्वस्थ हैं।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 214 वाहनों का ई चालान व 04 वाहन का चालान कर 2000 रूपव सम्मन शुल्क वसूला गया।

# एस डी एम प्रशासक ने किया नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण

**आरओ प्लांट में तादाद से ज्यादा कर्मचारी है मौजूद उनको वहां से हटाकर सफाई की देखभाल में लगाया जायेगा**

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में नियुक्त प्रधासक ने आज कार्यालय का किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आरओ प्लांट में तादाद से ज्यादा कर्मचारी पोस्ट किए गए हैं जिस पर उन्होंने कहा कि छबीस कर्मचारियो में से कुछ को हटाकर सफाई व्यवस्था में लगाये जायेंगे। इसके बाद बस स्टॉप में आकर चाय पान के दुकानदारों का निरीक्षण किया जिसमे अधिशाषी अधिकारी को आदेश किया कि इन दुकानों को हटाकर यहा पर नगर पालिका की तरफ से पक्की दुकान बनाकर वही दुकानदारो को पुनः आबंटित कर दी जायेगी ' उसके बाद फिर पानी टंकी की तरफ जनरेटर खराब होने की शिकायत मिलने पर एक सप्ताह के अंदर जनरेटर बनवाकर लगवाने की बात कही। अब सवाल उठता है कि तमाम तरह का आदेश देने के बाबजूद नगर पालिका के जिम्मेदार कितना कार्य करवाते है यह एक बड़ा सवाल है इससे पहले भी इन्होंने प्लास्टिक पन्नी पर तीन दिनों में पूर्ण रोक लगाने का आदेश जारी किया था जो आज भी उसी रफ्तार से चल रहा है नगर पालिका क्षेत्र में पन्नी का उपयोग बंद होना तो बहुत दूर की बात है उसके बाद नगर पालिका की समस्त गाड़ियों में जीपीआरएस लगवाने की बात कही जो होने में लगवाने में असम्भव से लगता है अधिकारियों का कार्य है फतवा जारी करना लोगो को खुश करना लेकिन उसके बाद यह भी नही जानना की मैंने जो आदेश किया उसमे क्या कार्य प्रगति है ' नाली की सफाई हो नही पाती नया निर्माण कर दुकान कहा से बन जायेगी कहना आसान है परंतु कार्य को करवाना मुश्किल है।




नगर पालिका भरवारी क्षेत्र का निरीक्षण करते प्रशासक

### किसानों के खेतों तक नहर का पानी पहुंचाने की मुहिम तेज

**किसान नेता अजय सोनी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ करारी माइनर नहर का किया स्थलीय निरीक्षण**



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी की किसानों के खेतों तक नहर का पानी पहुंचाने की मुहिम रंग लाने लगी है। मंगलवार को करारी माइनर नहर के स्थलीय निरीक्षण के लिए निचली गंगा नहर के सहायक अभियंता एस के सिंह और अवर अभियंता जे के साहू के साथ पार्टी नेता अजय सोनी ने करारी माइनर नहर का स्थलीय दौरा किया और जगह जगह रुककर स्थलीय जायजा लिया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व किसान नेता अजय सोनी फतेहपुर शहर स्थित निचली गंगा नहर के कमांड दफ्तर पहुंचकर करारी माइनर नहर से संबंधित कई समस्यायों के लिए अधिशाषी अभियंता सिंचाई को एक ज्ञापन दिया था। ज्ञापन के माध्यम से अजय सोनी ने करारी माइनर नहर के पानी को किसानों के खेतों तक पहुंचाने की मांग की थी। इसी क्रम में मंगलवार को निचली गंगा नहर के सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता अजय सोनी से मिले और करारी माइनर नहर के पानी को किसानों के खेतों तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर अजय सोनी ने अधिकारियों से स्थलीय जायजा लेने का आग्रह किया। जिसपर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय जायजा लिया। इस अवसर पर अजय सोनी ने नालियों एवं कुलाबो की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण, क्षतिग्रस्त पुलों को तोड़कर नए पुलों के निर्माण, कई जगहों पर नए पुल एवं नए गेट लगवाने, सिंचाई के लिए रोस्टर बनाने आदि की मांग की। जिसपर अधिकारियों ने जल्द ही समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुनील सोनकर, राकेश यादव, प्रदीप कुमार, ननका प्रधान आदि मौजूद रहे।

### संपूर्ण कौशांबी जिले में एडीएम ने लगाई धारा 144

**कौशाम्बी।** जुमा की नमाज के दौरान प्रयागराज सहित कई जिलों में हुए बवाल के बाद कौशाम्बी अपर जिलाधिकारी सम्पूर्ण कौशाम्बी ने जनपद में तत्काल प्रभाव से धारा 144 लागू किया है जनपद में 14/6/2022 से 13/08/200 तक धारा 144 लागू रहेगा,इस दौरान शासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन किया जाने का आदेश जारी किया गया है।

### युवक के साथ दलित नाबालिग बालिका बरामद

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के उमरछा गांव से एक दलित नाबालिग बालिका युवक के साथ भाग गई थी परिजनों ने कोखराज पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया पुलिस ने युवक और दलित बालिका को खोजना शुरू किया दोनों की लोकेशन मैहर में मिली जिस पर कोखराज पुलिस मैहर पहुंची और दलित नाबालिग बालिका के साथ युवक को धर दबोचा दोनों को पुलिस साथ में वापस लेकर कोखराज थाने आई पुलिस ने बालिका को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है हालांकि युवक को निर्दोष छुड़वाने के लिए इलाके के कुछ दलाल सक्रिय हैं जो सौदेबाजी कर रहे हैं 2 दिन पूर्व बालिका के साथ युवक के पकड़े जाने के बाद भी युवक को पुलिस ने अभी तक जेल नहीं भेजा है इस संबंध में कोखराज पुलिस से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मुकदमा दर्ज हो गया आगे की कार्रवाई हो रही है।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के अभियान के विरुद्ध अलग अलग थानों द्वारा दो अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए 30 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर दोनों अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त केशन पुत्र कन्हई निवासी मोहिद्दीनपुर बेला थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया हैं। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता पतिया देवी पत्नी स्व० बाबूलाल निवासी भीटापर मजरा व थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### नगरपालिका की ट्रैक्टर ट्राली बाइक पर पलटी

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर की ट्रैक्टर ट्राली के चालक की लापरवाही से ट्राली बाइक पर पलट गई है जिससे उसके नीचे एक बाइक दब गई है ट्रैक्टर ट्राली के नीचे बाइक दब जाने से बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के सड़क के किनारे पटरी पर इंटर लॉकिंग का कार्य चल रहा है पटरी पर इंटरलॉक लगाने के लिए ट्राली से सप्लाई हो रही है मंझनपुर चौराहे के पास शारदा बर्तन भंडार में बर्तन खरीदने फतेहपुर जनपद के खखरेरू गांव निवासी उमेश चंद्र बर्तन खरीदने गए थे और बाइक सड़क की पटरी पर खड़ी कर दिया था इसी बीच इंटरलॉकिंग ईट से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ईट उतारते समय खड़ी बाइक पर पलट गयी जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है।

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कडाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विपिन तिवारी पुत्र शोभलाल तिवारी निवासी भदवा थाना कोखराज को एक अदद तमंचा 12 बोर व दो अदद जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्तो मनीष कौशल पुत्र गोपाल निवासी अंजही गली पुरानी बाजार भरवारी व प्रदीप कुमार सोनकर पुत्र चिरोजीलाल सोनकर निवासी पानी टंकी भरवारी थाना कोखराज को एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल पैशन प्रो के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोखराज पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में नौ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से दो थाना चरवा से एक थाना पिपरी से दो थाना सैनी से दो थाना मोहब्बतपुर पइंसा से दो कुल नौ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।




बाइक की लांचिंग करते एजेंसी मालिक

### विशेष खूबियों से भरी है स्प्लेंडर एक्स टेक बाइक : शेखर

**संगम ऑटोमोबाइल्स मंझनपुर ने की स्प्लेंडर एक्स टेक बाइक की लॉन्चिंग**

**कौशांबी।** ग्राहकों की जरूरतों को देखते हुए हीरो मोटोकॉर्प द्वारा लगातार ग्राहकों की पसंद की बाइक की लांचिंग बाजार में की जा रही है हीरो मोटोकॉर्प ने फिर स्प्लेंडर एक्स टेक मोटरसाइकिल बाजार में उतारी है यह मोटरसाइकिल विशेष खूबियों से भरी है सफर में आरामदायक के साथ साथ ग्राहकों की पहली पसंद बनी हुई है डिजिटल मीटर ब्लूटूथ कनेक्टिविटी डिस्टल ऑडोमीटर डिजिटल ट्रिप मीटर एलईडी प्रकाश सहित विभिन्न खूबियों की स्प्लेंडर एक्स टेक मोटरसाइकिल की लांचिंग संगम ऑटोमोबाइल्स मंझनपुर शोरूम में एजेंसी मालिक शशि शेखर जयसवाल ने सैकड़ों ग्राहकों की उपस्थिति में किया है मंगलवार की दोपहर को केक काटकर बाइक की लांचिंग एजेंसी मालिक शशि शेखर जयसवाल ने किया है इस मौके पर उन्होंने स्प्लेंडर एक्स टेक की खूबियों को ग्राहकों से बताते हुए नई बाइक खरीदने पर जोर दिया है स्प्लेंडर एक्स टेक मोटरसाइकिल की लांचिंग के अवसर पर डॉ संजय सिंह कुशवाहा शेष नारायण मिश्र मनीष कुशवाहा राम सूरत प्रधानाचार्य सुनील कुमार कुनैन पूनम आलिम खुशबू आमिर सहित शोरूम के कर्मचारी इलाके के गणमान्य लोग और तमाम ग्राहक मौजूद रहे।

# अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर आयुष ने तैयारी की हुई तेज

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** 21 जून को होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जनपद के सिराथू स्थित आयुष चिकित्सालय ने तैयारी शुरू कर दी है। योग दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 50 शैय्या युक्त आयुष चिकित्सालय के अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश सिंह ने बताया कि केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने पहले ही मानवता के लिए योग को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (2022) की थीम के रूप में घोषित किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक होने वाले मन की बात संबोधन में भी इसकी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आठवें संस्करण का मुख्य आयोजन चिकित्सालय के कैम्पस में होगा। उन्होंने कहा भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में अलग-अलग तरीकों से मनाया जा रहा है, ताकि आम जनता द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला पर उत्सव का आनंद ले सकें।आयुष चिकित्सालय के योगा स्ट्रेक्टर अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि आयुष चिकित्सालय में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक योगा क्लासेस चलाई जा रही है जिससे लोगों को अधिक से अधिक योगा के प्रति जागरूक किया जा सके।उन्होंने आगे बताया कि योग के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए, लोगो में 14 से 20 जून तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक सप्ताह का बिल्ड-अप कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



योग करते लोग

# सीएमओ साहब बताएंगे किस डिग्री पर चल रहा है पॉली क्लीनिक

**लगातार 15 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग पर अवैध नर्सिंग होम और पाली क्लीनिक से वसूली का लग रहा है आरोप, सीएमओ की मेहरबानी पर कुछ वर्षों में डॉक्टर लग्जरी गाड़ी आलीशान बंगला अकूत संपत्ति के बन जाते हैं मालिक**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उदासीनता लापरवाही के चलते पूरे जिले में कुकुरमुत्ता की तरह झोलाछाप डॉक्टर अकुशल अनट्रेंड चिकित्सक क्लीनिक के आड़ में नर्सिंग होम का संचालन कर रहे हैं इन अस्पतालों का एक सूत्रीय उद्देश्य हो गया है कि मरीजों को इलाज के बहाने उनसे धन लूट लेना है मरीज ठीक तो नहीं होते हैं लेकिन कुछ वर्षों में डॉक्टर लग्जरी गाड़ी आलीशान बंगला अकूत संपत्ति के मालिक बन जाते हैं जिले में तमाम ऐसे नर्सिंग होम संचालक हैं जिन्होंने कुछ वर्षों में अकूत संपत्ति कमाई है करोड़ों के आलीशान बंगले और तमाम फ्लैट करोड़ो के कृषि योग्य भूमि के मालिक बन गए हैं लेकिन उसके बाद भी अवैध नर्सिंग होम पाली क्लिनिक पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं इसी तरह का एक अवैध नर्सिंग होम चायल तहसील के सैयद सरावा में बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल में संचालित हो रहा है। अवैध तरीके से चलने वाले नर्सिंग होम के पास मरीजों के इलाज का लेखा-जोखा रजिस्टर भी मौजूद नहीं रहता है फिर भी सब कुछ भगवान भरोसे जिले में चल रहा है 2 दिन पहले स्वास्थ्य मंत्री कड़ी चेतावनी दे गए हैं लेकिन उसके बाद भी सीएमओ के सेहत पर फर्क नहीं पड़ रहा है जिससे अस्पताल संचालन काली कमाई का साधन बन गया है जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित जिले के बड़े कस्बों के साथ-साथ गली-गली गांव-गांव अस्पताल का बोर्ड लगा कर इलाज का ढकोसला किया जा रहा है इलाज करने वालों के पास क्या डिग्री है मरीजों का इलाज कर रहे लोगों के पास क्या अनुभव है इसकी जांच करने का प्रयास भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं हालांकि लगातार 15 वर्षों से स्वास्थ्य विभाग पर अवैध नर्सिंग होम और पाली क्लीनिक से वसूली का आरोप लग रहा है पूर्व में कई सीएमओ अवैध वसूली में दण्डित हो चुके हैं लेकिन फिर भी वर्तमान सीएमओ अवैध नर्सिंग होम पाली क्लीनिक पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं जिससे पुरानी परंपरा में उनके शामिल होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। चायल तहसील क्षेत्र के सैयद सरावा में बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल में इसी तरह का एक नर्सिंग होम पाली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन पर चल रहा है जहां बड़े से बड़े मर्ज के मरीजों के इलाज के नाम पर ठीक करने का झांसा देकर केवल वसूली हो रही है मरीज और उनके परिजनों को अस्पताल पहुंचने के बाद एहसास होता है कि वह गलत अस्पताल में आ गए हैं लेकिन उनका तब तक सब कुछ बिगड़ चुका होता है जिले में अवैध नर्सिंग होम और पाली क्लीनिक की बड़े स्तर से जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन क्या आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा स्वास्थ्य विभाग अवैध नर्सिंगहोम पाली क्लीनिक की जांच कराएगा या उनके घुटनों पर गिरकर अवैध वसूली कर योगी सरकार की छवि पर दाग लगाता रहेगा यह बड़ा सवाल है।



संपादकीय

# भारत की साख का सवाल

**श्रीलंका** इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार खत्म होने की वजह से श्रीलंका ने कई जरूरी चीजों का आयात रोक दिया है। देश में बड़े स्तर पर कोयले की भी कमी है, जिस वजह से कई घंटों की बिजली कटौती करना पड़ रहा है। इन मुश्किल हालात के बीच श्रीलंकाई संसद में विद्युत संशोधन विधेयक पर चर्चा और मतदान के दौरान सरकार और विपक्ष आमने-सामने आ गए थे। 9 जून को संसद ने विपक्षी सांसदों और उद्योग ट्रेड यूनियनों के विरोध के बीच इस विधेयक को पारित कर दिया। इस संशोधन का सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड से जुड़ी ट्रेड यूनियनों की ओर से विरोध देखने को मिल रहा है। श्रीलंका की संसद में किस विधेयक पर चर्चा हो रही है और वह पारित हो पा रहा है या नहीं, ये उनका मसला है। लेकिन भारत के लोगों के लिए ये जानना जरूरी है कि श्रीलंका में उठे इस विवादित मसले से भारत का भी संबंध है। दरअसल विपक्ष का आरोप था कि 1989 के कानून में संशोधन इसलिए हुआ क्योंकि भारत के अदानी समूह के सहयोग से उत्तरी तट पर 500 मेगावॉट का पवन बिजली संयंत्र लगाने के लिए सरकार से सरकार के बीच करार हुआ है। कहा जा रहा है कि ये संशोधन अदानी समूह को बड़े रिन्यूएबल एनर्जी सौदे के लिए किया जा रहा है। 10 मेगावॉट की क्षमता वाली ऊर्जा परियोजना को निविदा के जरिए ही दिया जाना चाहिए, लेकिन ज्यादातर सांसदों ने इसके खिलाफ वोट किया है। विधेयक तो पारित हो गया, इसके बाद शुक्रवार को इस मसले पर संसद में सार्वजनिक उद्यम समिति की सुनवाई हुई। जिसमें सीईबी के अध्यक्ष एम.एम.सी. फर्डिनेंडो ने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति द्वारा बताया गया था कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जोर दे रहे थे कि ऊर्जा निवेश परियोजनाओं को अदानी समूह को दिया जाए। फर्डिनेंडो ने समिति को बताया, 'मैंने उनसे कहा कि यह मेरे या सीईबी से संबंधित मामला नहीं है और इसे निवेश बोर्ड को भेजा जाना चाहिए।' सीईबी के अध्यक्ष ने कहा कि इसके बाद उन्होंने ट्रेजरी सचिव को लिखित रूप में सूचित किया, और उनसे यह कहते हुए अनुरोध किया कि वे यह ध्यान में रखते हुए इस मामले पर गौर करें कि सरकार से सरकार स्तर पर यह जरूरी है। सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के अध्यक्ष के इस बयान के बाद हंगामा मचना तय था और हालात ऐसे बने कि श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को सफाई देनी पड़ी। अपने ऊपर लगे सिफारिश के आरोप को खारिज करते हुए राजपक्षे ने कहा कि मैं इस परियोजना को किसी विशिष्ट व्यक्ति या संस्था को देने के लिए अधिकार देने को स्पष्ट रूप से खारिज करता हूं। मुझे विश्वास है कि इस संबंध में जिम्मेदाराना बयान देने का पालन किया जाएगा।' राष्ट्रपति की इस सफाई के बाद अब फिर सीईबी अध्यक्ष एम.एम.सी. फर्डिनेंडो ने कहा कि उन्होंने $गलती से संसदीय निगरानी समिति को बता दिया था कि राष्ट्रपति ने उन्हें कहा था कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अडानी समूह को एक पवन ऊर्जा परियोजना देने पर जोर दिया। उन्होंने अपना बयान वापस भी ले लिया है। श्रीलंका के प्रमुख मीडिया समूह न्यूज्ञ फर्स्ट ने इस बारे में सीईबी अध्यक्ष से खास बात की, जिसमें उन्होंने फिर बताया कि शुक्रवार को सार्वजनिक उद्यम समिति के सत्र में उन पर आरोप लगाए जाने पर वह बहुत भावुक थे। उन्होंने कहा कि वह समिति सत्र में दबाव में थे और उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने $गलत बयान दिया। इस पूरे मामले में कौन सही कह रहा है, कौन दबाव में बयान दे रहा है या फिर उस बयान से पलट रहा है, राष्ट्रपति ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर किसी खास की सिफारिश की है या नहीं, इन सब का खुलासा निष्पक्ष पड़ताल के बाद ही हो सकेगा।

## देर से आए, दुरुस्त नहीं आए

महेश शर्मा

**भारत** में अगले आम चुनाव 2024 में होने हैं, और उसके पहले हिंदुत्ववादी ताकतें शायद अपना वजन परख रही हैं कि चुनाव आते-आते वोटों के ध्रुवीकरण के लिए उन्हें कितना जोर दिखाना है या कितना शांत रहना है। यह महज संयोग नहीं हो सकता कि उत्तरप्रदेश चुनाव जीतते ही एकदम से ज्ञानवापी का मसला सुर्खियों में आया और देखते-देखते बड़े विवाद का कारण बन गया। मस्जिद के भीतर शिवलिंग और फव्वारे पर देशव्यापी बहस छिड़ गई। यूक्रेन युद्ध पर टीवी चैनलों की बहसों और शीर्षकों से मीडिया की समझ और गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे थे, तो सरकार ने विवादित शीर्षकों से बचने की नसीहत चैनलों को दी थी। लेकिन यह नसीहत शायद हिंदू-मुस्लिम विवाद खड़े करने वाले विषयों पर लागू नहीं होती। लिहाजा टीवी चैनलों में धड़ल्ले से सांप्रदायिक नफरत से भरी बहसें और चचाएं प्रसारित होती रहीं। ऐसी ही एक चर्चा में भाजपा की प्रवक्ता रहीं नुपूर शर्मा ने एक ऐसी बात कह दी, जिसने देश को वाकई नफरत की आग में झोंक दिया। या यूं भी कह सकते हैं कि जो शोले पिछले आठ सालों से धीमे-धीमे भड़काए जा रहे थे और जरूरत के मुताबिक उनकी आंच तेज या धीमी की जाती रही, उसे नुपूर शर्मा ने एक बार में तेजी से भड़का दिया। अगर यह वक्त चुनावों का होता तो शायद भाजपा को इस आग में राजनीतिक रोटी सेंकने मिल जाती। मगर अब इस आग की तपिश भाजपा को ही झुलसा रही है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी भारत की हिंदुत्ववादी शक्तियों के खिलाफ नाराजगी जताई जा रही है और अब नाराजगी विदेशों में रह रहे भारतीयों, उनकी रोजी-रोटी और भारत के आर्थिक हितों तक पहुंच गई है। भारत से नाराजगी जताने वाले देश दुनिया की महाशक्तियां नहीं हैं, उनमें से बहुतों को धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र जैसे मूल्यों पर आस्था भी नहीं है। लेकिन भारत में पिछले 70 सालों तक इन मूल्यों को सरकारों ने बढ़ाने और बचाने का काम किया। सरकार चाहे कांग्रेसी रही हो या गैरकांग्रेसी, संविधान में दर्ज मूल्यों को मिटाने की कोशिश नहीं हुई और इसी खासियत की वजह से तेल और दूसरे प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न ये देश भारत का एहतराम करते रहे। मगर अब ये बात भी मुमकिन हो गई है कि इन देशों ने भारत की आलोचना की और भारत के पास उन्हें जवाब देने के लिए कोई सही तर्क नहीं है।

# भाजपा का हिंदुत्व एजेंडा वैश्विक निगरानी के दायरे में

प्रकाश करात

**मुस्लिमविरोधी** एजेंडे का राष्ट्रीय एकता पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है और यह हर तरह की चरमपंथी हिंसा को बढ़ावा दे रहा है। यह जम्मू-कश्मीर में अपने सबसे घातक रूप में देखा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर राज्य के उन्मूलन और इसकी विशेष स्थिति ने कश्मीरी मुसलमानों और घाटी में मुख्य राजनीतिक दलों को हाशिए पर डालने का आधार तैयार किया। घाटी में लोगों के मूल अधिकारों का क्रूर दमन जारी है। बीजेपी और नरेंद्र मोदी सरकार अपने-अपने पैरों पर फहरा रही है। एक व्यवस्थित मुस्लिमविरोधी अभियान की अध्यक्षता करने और इस्लामोफोबिया बढ़ाने के बाद, सरकार और सत्तारूढ़ दल को अधिकांश मुस्लिम देशों से कड़वी राजनयिक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। जिन देशों ने भारत की इसके लिए खिंचाई की है, उनमें संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, सऊदी अरब, ईरान, इराक, इंडोनेशिया, मलेशिया और तुर्की शामिल हैं।

भाजपा के दो प्रवक्ता- राष्ट्रीय स्तर पर नुपुर शर्मा और दिल्ली भाजपा के नवीन जिंदल-ने क्रमशः राष्ट्रीय टेलीविजन और सोशल मीडिया पर पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। शर्मा की घृणित टिप्पणी 27 मई को की गई थी और इसे देश के भीतर विरोध का सामना करना पड़ा। भाजपा ने मुस्लिमों और धर्मनिरपेक्ष संगठनों के इन विरोधों की अनदेखी की।

देश के भीतर, अधिकारियों ने कानपुर में विरोध प्रदर्शनों पर भारी कार्रवाई की और सैकड़ों मुसलमानों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। लेकिन 5 जून को, जब कतर सरकार ने भारतीय राजदूत को तलब किया और कुवैत और अन्य खाड़ी राज्यों द्वारा औपचारिक विरोध दर्ज कराया, तो भाजपा ने नूपुर शर्मा को निलंबित कर दिया और नवीन जिंदल को पार्टी से निष्कासित कर दिया। सरकार ने कतर में अपने राजदूत के माध्यम से घोषणा की कि आपत्तिजनक टिप्पणी सरकार के विचारों को नहीं, बल्कि 'फ्रिंज तत्वों' के विचारों को दर्शाती है। इस बयान का दोगलापन जगजाहिर है. सत्ताधारी पार्टी के आधिकारिक प्रवक्ता को 'हाशिये के तत्व' के रूप में करार देकर, पार्टी ने खुद की निंदा की। इसने पुष्टि की है कि यह 'फ्रिंज तत्व' हैं जो पार्टी की मुख्यधारा हैं। वास्तव में, इस्लामोफोबिया भाजपा की घोषित हिंदुत्व विचारधारा में अंतर्निहित है।



मुस्लिम छात्र संगठनों और नागरिक अधिकार समूहों के विरोध के कारण, 'ऑस्ट्रेलिया-भारत युवा संवाद' के आधिकारिक कार्यक्रम में उनकी भागीदारी रद्द कर दी गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस्लामिक सहयोग संगठन के सचिवालय के उस बयान का कड़ा खंडन किया है जिसमें 57 देश सदस्य हैं। प्रवक्ता ने बयान को सांप्रदायिक रूप से प्रेरित करार दिया। इस तरह की तीखी प्रतिक्रिया तब मिली जब ओआईसी के बयान में उस संदर्भ का सटीक उल्लेख किया गया जिसमें आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इसने कहा कि सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता की ये टिप्पणी इस्लाम की 'घृणा और मानहानि के बढ़ते प्रकोप' और 'भारतीय मुसलमानों के खिलाफ व्यवस्थित प्रथाओं, विशेष रूप से हिजाब के उपयोग को प्रतिबंधित करने के निर्णयों के एक सेट' का हिस्सा थी

मुस्लिमविरोधी बयानबाजी भाजपा के आधिकारिक रुख का हिस्सा है। जैसे ही नुपुर शर्मा की कटु टिप्पणी प्रसारित की गई, एक अन्य भाजपा नेता, तेजस्वी सूर्या, संसद सदस्य और भाजपा के युवा मोर्चा के अध्यक्ष ऑस्ट्रेलिया में घोषणा कर रहे थे कि भारत की मुस्लिम विजय 'दुनिया के इतिहास का सबसे खूनी अध्याय' था और वह इस्लाम का इतिहास 'रक्तपात और हिंसा से भरा हुआ' है।

मुस्लिम छात्र संगठनों और नागरिक अधिकार समूहों के विरोध के कारण, 'ऑस्ट्रेलिया-भारत युवा संवाद' के आधिकारिक कार्यक्रम में उनकी भागीदारी रद्द कर दी गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस्लामिक सहयोग संगठन के सचिवालय के उस बयान का कड़ा खंडन किया है जिसमें 57 देश सदस्य हैं। प्रवक्ता ने बयान को सांप्रदायिक रूप से प्रेरित करार दिया। इस तरह की तीखी प्रतिक्रिया तब मिली जब ओआईसी के बयान में उस संदर्भ का सटीक उल्लेख किया गया जिसमें आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी।

इसने कहा कि सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता की ये टिप्पणी इस्लाम की 'घृणा और मानहानि के बढ़ते प्रकोप' और 'भारतीय मुसलमानों के खिलाफ व्यवस्थित प्रथाओं, विशेष रूप से हिजाब के उपयोग को प्रतिबंधित करने के निर्णयों के एक सेट' का हिस्सा थी। कुछ भारतीय राज्यों में शैक्षणिक संस्थान, जिनमें मुस्लिमों की संपत्तियों को तोड़ना और उनके खिलाफ बढ़ती हिंसा शामिल है। मुस्लिमविरोधी एजेंडे का राष्ट्रीय एकता पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है और यह हर तरह की चरमपंथी हिंसा को बढ़ावा दे रहा है। यह जम्मू-कश्मीर में अपने सबसे घातक रूप में देखा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर राज्य के उन्मूलन और इसकी विशेष स्थिति ने कश्मीरी मुसलमानों और घाटी में मुख्य राजनीतिक दलों को हाशिए पर डालने का आधार तैयार किया। घाटी में लोगों के मूल अधिकारों का क्रूर दमन जारी है। इसके कारण इस्लामी चरमपंथियों की प्रतिक्रिया कश्मीरी पंडितों और प्रवासी कामगारों को लक्षित कर रही है, जिन्हें आतंकवादी समूहों द्वारा चुनिंदा रूप से मार दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप मोदी सरकार की जम्मू-कश्मीर नीति चरमरा गई है। कट्टरता की मजदूरी काटी जा रही है। कई मुसलमानों को पहले सोशल मीडिया पोस्ट के लिए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने या सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लेकिन नूपुर शर्मा या नवीन जिंदल के खिलाफ ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके बजाय, दिल्ली पुलिस, जो केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है, ने उसके जीवन के लिए कथित खतरों के खिलाफ उसे पुलिस सुरक्षा प्रदान की है। यह स्पष्ट है कि उनकी पार्टी की सदस्यता का निलंबन भाजपा और आरएसएस समर्थकों को स्वीकार्य नहीं है। यह कार्रवाई भी भाजपा नेतृत्व ने बाहरी मजबूरी के चलते की। नेतृत्व द्वारा जारी किया गया बयान उनकी टिप्पणियों की स्पष्ट रूप से निंदा और खंडन नहीं करता है। मोदी सरकार के लिए यह कहना काफी नहीं है कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती है, उसे देश और दुनिया को आश्वस्त करना होगा कि मुसलमानों को हर तरह से समान नागरिक माना जाएगा और किसी भी मुस्लिम विरोधी गतिविधियों पर कानून द्वारा अंकुश लगाया जाएगा। इतना स्पष्ट रूप से न कहने का मतलब यह है कि भाजपा और सरकार केवल कूटनीतिक तूफान के समाप्त होने के लिए समय के लिए बोली लगा रहे हैं, इससे पहले कि मैं वापस आऊं मुसलमानों को ठगने का धंधा लेकिन जैसा कि नूपुर शर्मा प्रकरण से पता चलता है, मोदी सरकार और भाजपा का हिंदुत्व एजेंडा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से जांच के दायरे में आ रहा है। दुनिया द्वारा 'विश्वगुरु' को एक गहरे और भयावह प्रकाश में देखा जा रहा है।

# वो अनाज उगाता और सिस्टम उसे सड़ाता..!

ऋतुपर्ण दवे

**देश** में भरपूर अनाज उग रहा है। सुनने में अच्छा लगता है। विडंबना देखिए इसे सुरक्षित रखा जाना क्या कभी किसी की प्राथमिकता में रहा? ऐसा दिखा नहीं! माना कि ये मानसूनी महीना है लेकिन अप्रेल और मई माह में ही जहाँ-तहाँ खुले आसमान तले रखा लाखों टन गेहूँ बेमौसम बारिश से भीग गया जिसका सही अंदाजा मुश्किल है। बस यही खेल है, इसे समझना होगा। देश भर से मिली तबाही की तस्वीरों, वीडियो, समाचारों की कतरनों, क्लिपिंग्स सबने देखी। लेकिन न तब और अब बारिश में अनाज को खुले में रखने और भीगने से बचा पाना रुक पाया। मानसून धीरे-धीरे बांहें फैला रहा है। लेकिन खुले में रखा अनाज कहाँ हट रहा है? बस यही वो तिलिस्म है जो किसानों की मेहनत पर पानी फेरता है और हम हैं कि सिवाय बेचारे सरकारी सिस्टम को क्लीन चिट देता देख संतोष करने के और कुछ कर भी नहीं पाते..! जग जाहिर है कि न तो तूफान, न मौसम-बेमौसम बारिश रुकी है, न रुकेगी, न कोई रोक पाएगा। रुक सकता है तो खुले आसमान के नीचे पॉलिथिन की पन्नियों में ढ़ककर भण्डारण की बदहाल और भ्रष्ट व्यवस्था। यदि ऐसा हुआ तो सही खरीद, भण्डारण के आंकड़ों का हेरफेर कैसे हो पाएगा? आंकड़ों की बाजीगिरी बेनकाब नहीं हो जाएगी? एकाएक बारिश आई, इतना अनाज भीग गया, सड़ गया, बह गया का वो अकाट्य तर्क कहाँ जाएगा जिसका न कोई इलाज था न है न होगा!

ये मानसून का दौर है लेकिन भर गर्मी मौसम बिगड़ना, बारिश हो जाना अब बेहद आम है। बीते कुछ दशकों से तमाम पर्यावरणीय विक्षोभ तस्दीक भी करते हैं। सड़ांध मारती अनाज भण्डारण व्यवस्था या लीपापोती का जुगाड़ जो भी कहें, हर बार हजारों मीट्रिक टन अनाज खुले आसमान के नीचे भिगाकर ऐसा खराब करता है कि पशुओं का निवाला तक नहीं बन पाता। जिम्मेदार बड़ी ही आसानी से सारा दोष बारिश के मत्थे मढ़ बच या बचाए जाते हैं जो खुद बुलाई आपदा के वास्तविक दोषी हैं। हाँ, मिट्टी में मिलती है तो किसान की मेहनत जिसने बड़ी लगन से फसल उगाई, मण्डियों तक पहुँचाई। हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान हैं। सैंतालिस प्रतिशत भू-भाग में खेती होती है और सत्तर प्रतिशत आबादी इसी पर निर्भर है। किसान अच्छी फसल की उम्मीद से मेहनत कर सफल होता है। इसे सहेजने खुले आसमान के नीचे भण्डारण होता है। खरीद फरोख्त का असली-नकली सच यहीं छुपा होता है जो बारिश में अनाज भीगते ही दफन हो जाता है और शुरू हो जाता है आँकड़ों की नई बाजीगिरी। बदल जाती है फाइलों और नोटशीट की भाषा। पहले फसलों की खुले आसमान के नीचे सुरक्षा की कोशिशों का जिक्र था जो लाखों खर्च के बावजूद नीली, पीली पॉलिथीन की मोटी तिरपाल नहीं बच पाईं। अब सरकारी तंत्र की नई और बेचारगी से भरी कवायद है जिसमें जो सड़े अनाज और बेजा खर्च का नया बही-खाता। विचारणनीय यह है कि भारत में अवैज्ञानिक तरीकों से भण्डारण का प्रचलन खुद सरकारें कराती हैं। खुले आसमान के नीचे कभी बोरों में या कभी यूं ही ढ़ेरों में पड़ा अनाज प्रायः सभी ने देखा है। आंकड़े बताते हैं कि वार्षिक भण्डारण हानि लगभग 7000 करोड़ रुपए की है जिसमें 14 मिलियन टन खाद्यान्न बर्बाद होता है। हर वर्ष भारत में कुल गेहूं उत्पादन का करीब 2 करोड़ टन किसी न किसी तरह नष्ट हो जाता है। एक अध्ययन के मुताबिक देश में करीब 93 हजार करोड़ रुपयों का अनाज बर्बाद होता है। भारतीय खाद्य निगम भी भण्डारण में अक्षम है। न तो गोदाम बनाने में तेजी आई न सहेजने की कोई पुख्ता व्यवस्था हो सकी। बड़ी विडंबना देखिए तमाम सरकारी संकल्पों के बावजूद अनाज भण्डारण में न रुचि ली गई और न काम में गति आई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2020-21 का बजट पेश करते समय किसानों के लिए 16 सूत्रीय फॉमूर्ले की घोषणा की थी जिसमें वेयर हाउस और कोल्ड स्टोरेज की चर्चा थी। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा नए-नए वेयर हाउस बनाने और संख्या बढ़ाने के लिए पीपीपी मॉडल का जिक्र था। ब्लॉदक स्तंर पर भंडारण केन्द्र बनाए जाने प्रस्तावित थे। लेकिन जमीन पर कुछ दिखा नहीं। फरवरी 2021 में एक संसदीय प्रश्नोत्तर में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम ने 25 लाख मीट्रिक टन साइलो (थोक भण्डारण का आधुनिक, सुरक्षित, यॉंत्रीकृत तरीका) क्षमता प्रदान की है। अदानी लॉजिस्टिक्स की क्षमता 4 लाख मीट्रिक टन (कुल का 16 फीसदी) जबकि राष्ट्रीय संपार्श्विक प्रबंधन सेवाओं यानी एनसीएमएसएल (नेशनल कोलेटरल मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड) की क्षमता 7 लाख मीट्रिक टन (कुल का 28 फीसदी) है। जाहिर है पैदावार के मुकाबले ये बेहद कम है ऊपर से दो ही प्लेयर हैं। ऐसे में खुले में गेहूँ का सड़ना नीयति नहीं तो और क्या है? देश में 249 स्थानों पर साइलो (थोक भंडारण का अत्यधिक यंत्रीकृत और आधुनिक तरीका) बनाने की योजना थी ताकि 12000 करोड़ रुपए के गेहूँ का संग्रहण किया जा सके। लेकिन गति बेहद सुस्त है। शायद ऐसी योजनाओं की असफलता के पीछे दस्तावेजों के पुलिन्दों के साथ बेहद कठिन खानापूर्तियाँ हैं जो साधारण लोगों के बस की बात नहीं। उधर हर साल, हर मौसम में अनाज का खुले में सड़ना नहीं रुक रहा है। एक बात और मौजूदा ज्यादातर वेयर हाउस या साइलो किनके हैं, देखते ही माजरा समझ आने लगता है। यदि खास भण्डारण गृहों में आम किसान की पूछ परख होती तो क्या ये स्थिति होती? सवाल में ही जवाब छुपा है। आखिर लुटा-पिटा भोला-भाला किसान उसके लिए आसान सरकारी संग्रहण या खरीदी केन्द्रों पर ही टूटता है। स्वाभाविक है कि भण्डारण क्षमता से ज्यादा स्टॉक होगा जिससे जगह की कमीं बताकर खुले में रखने का भ्रष्ट खेल खूब फलेगा, फूलेगा और बाद में एकाएक आई बारिश से सड़े अनाज की व्यथा-कथा और रहस्यों के बीच सरकारी धन के नाश और खुद के विकास का खेल हो सकेगा? सरकारी भण्डारण गृहों के बनाने पर तेजी से काम किया जाता जिससे एक बार के ही निवेश से 100 साल से भी ज्यादा ये काम आ पाते और आपदा में राहत का पिटारा बनते। यदि हिसाब भी लगाया जाए तो इनकी लागत खाद्यान्न भीगने, सड़ने या कीट, पक्षियों से होनी वाली एक साल की क्षति से कम बैठेगी। ऐसे में क्या मुनासिब नहीं है कि बरबाद हो रहे उपजे अनाज को बचाने जरूरत के मुताबिक बड़े-बड़े व अत्याधुनिक संसाधनों से लैस गोदाम बनते? अमूमन पता होता है कि न जाने कब बारिश हो जाए, कब आँधी-तूफान आ जाए, कब हवा का रुख बदल जाए और कब नम-गरम हवाएँ एकाएक बारिश में तब्दील हो जाएँ। मौसम तो बेईमान है लेकिन उससे जानबूझ कर अनजान सिस्टम का कितना ईमान है? सवाल फिर वही कि बेहद साधारण सी इस कोशिश के लिए गंभीर प्रयास कब होंगे? बड़े-बड़े भण्डारण और शीतगृहों के मालिक भरपूर सरकारी छूट, मनमाफिक किराया और तमाम नामी-बेनामी सुविधाएं लेने वाले रसूखदारों से भला किसे डर नहीं लगता? लगता नहीं कि अनाज उगाता किसान और अनाज सड़ाती लालफीताशाही व्यवस्थाएँ ही हमारा सच है? क्या दोषियों की मंशा पर पानी फिर पाएगा या अनाज भिगाने का अंतहीन सिलसिला ही जारी रहेगा? काश किसी के पास होता इसका जवाब..!

# सुशांत सिंह ने बैकग्राउंड डांसर के रूप में की थी करियर की शुरूआत

पुण्यतिथि विशेष

**खूबसूरत** मुस्कराहट और शानदार अभिनय से हर किसी का दिल जीतने वाले अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत आज हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन वह बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में से एक थे ,जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार अभिनय की बदौलत कम समय में वह मकाम हासिल किया, जिसका सपना हर स्ट्रगलिंग एक्टर देखता हैं। बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाने वाले हैंडसम अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का जन्म 21 जनवरी,1986 को बिहार के पटना में कृष्णा कमार सिंह और ऊषा सिंह के घर हुआ था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा पटना के सेंट कैरेंस हाई स्कूल से लेने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए वह दिल्ली आ गए और दिल्ली के कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद सुशांत ने दिल्ली कॉलेज ऑफ इंजिनयरिंग से मैकेनिकल इंजिनयरिंग की पढ़ाई की। लेकिन इंजिनयरिंग में उनका मन नहीं लगा। सुशांत जब 16 साल के थे तभी उनकी माँ का निधन हो गया था। वह अपनी माँ के बहुत करीब थे। माँ के निधन के बाद सुशांत के पिता और उनकी तीन बहनों श्वेता, प्रियंका और मीतू ने मिलकर उन्हें संभाला और भरपूर प्यार दिया। सुशांत ने अपने करियर की शुरूआत बैकअप डांसर के रूप में की और कई फिल्मफेयर अवार्ड शोज में अपने डांस का जलवा बिखेरा। इसी दौरान सबसे पहले बालाजी टेलीफिल्मस की कास्टिंग टीम की नजर उनपर पड़ी। जिसके बाद सुशांत को टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'किस देश में है मेरा दिल' में काम करने का मौका मिला और यहीं से सुशांत के अभिनय करियर की शुरूआत हुई। इसके बाद सुशांत को एकता कपूर के मशहूर धारावाहिक 'पवित्र रिश्ता' में अभिनय करने का मौका मिला। जीटीवी पर प्रसारित होने वाले इस धारावाहिक में सुशांत द्वारा निभाए गए मानव देशमुख के किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस धारावहिक में उनके साथ लीड रोल में अभिनेत्री अंकिता लोखंडे थी। इस धारावाहिक की शूटिंग के दौरान सुशांत और अंकिता का रील लाइफ लव रियल लाइफ लव में बदल गया और दोनों ने खुल्लम-खुल्ला अपने प्यार का इजहार भी किया लेकिन 6 साल के लम्बे रिलेशनशिप के बाद साल 2016 में दोनों का ब्रेकअप हो गया । हालांकि ब्रेकअप की असली वजह कभी भी सामने नहीं आ सकी। अंकिता से रिश्ता टूटने के बाद सुशांत का नाम अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती से जुड़ने लगा था। अभिषेक कपूर निर्देशन में बनी फिल्म 'काय पो छे' में सुशांत को अमित साध, राजकुमार राव और अमृता पुरी के साथ अभिनय करने का मौका मिला। दोस्ती पर आधारित इस फिल्म में सुशांत के अभिनय को दर्शकों ने काफी पसंद किया गया। इसके साथ ही उन्हें इस फिल्म के लिए स्क्रीन अवार्ड का बेस्ट मेल डेब्यू अवार्ड मिला। इसके बाद सुशांत फिल्म शुद्ध देसी रोमांस, पीके और डिटेक्टिव ब्योमकेश बख्शी में नजर आये।

साल 2016 में आई फिल्म 'एमएस.धोनी द अनटोल्ड स्टोरी' ने सुशांत को सफलता की ऊंचाइयों पर ला खड़ा किया। इसके बाद सुशांत कई फिल्मों में शानदार अभिनय करते नजर आये। उनकी कुछ प्रमुख फिल्मों में राब्ता,वेलकम टू न्यूयार्क, केदारनाथ, सोनचिरैया, छिछोरे, ड्राइव, दिल बेचारा आदि शामिल हैं। दिल बेचारा सुशांत की आखिरी फिल्म थी। लेकिन इस फिल्म की रिलीज से पहले ही सुशांत सिंह राजपूत इस दुनिया को अलविदा कह गए । सुशांत के दोस्त मुकेश छाबड़ा निर्देशित इस फिल्म में सुशांत के अपोजिट अभिनेत्री संजना सांघी मुख्य भूमिका में नजर आईं। अभिनय के अलावा सुशांत 'जरा नच के दिखा 2' और 'झलक दिखला जा 4' जैसे डांसिग शोज के प्रतिभागी भी रहे । सुशांत खगोल शास्त्र तथा खगोलभौतिकी में भी रुचि रखते थे और उनके पास एक टेलिस्कोप भी था। सुशांत कई सामजिक कार्यो से भी जुड़े हुए थे। सुशांत सिंह राजपूत ने 14 जून, 2020 को अपने बांद्रा स्थित फ्लैट में सुसाइड कर लिया । 15 जून को परिवार के मौजूदगी में मुंबई में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की खबर ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया। उनके फैंस के लिए आज भी इस बात पर यकीन कर पाना मुश्किल है कि सुशांत इस दुनिया में नहीं हैं। सुशांत के परिवार के साथ- साथ उनके तमाम चाहने वाले आज भी उनके लिए इंसाफ की मांग कर रहे हैं।

## असमय मौत के खतरे

राम सिन्हा

**सुप्रसिद्ध** गायक कृष्णकुमार कुन्नथ यानी के के की असामयिक मौत से हर कोई स्तब्ध है। सोशल मीडिया पर उनकी याद में ढेर सारे संदेश भेजे जा रहे हैं। उनके साथी कलाकार उन्हें अपने तरीके से याद कर रहे हैं। उनके प्रशंसक गीतों को याद करके भावुक हुए जा रहे हैं। एक लंबे अरसे तक के के की आवाज का जादू फिल्म इंडस्ट्री पर छाया रहा और अनंतकाल तक उनके गाए गीत गूंजते रहेंगे। आपको बता दें कि के के मंगलवार को कोलकाता में एक कार्यक्रम में प्रस्तुति दे रहे थे, बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के बीच में ही उन्हें असहजता महसूस हुई, वे कार्यक्रम से निकल कर अपने होटल पहुंचे, वहां उनकी तबियत बिगड़ी, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, मगर तब तक वे इस दुनिया से जा चुके थे। एक कलाकार के लिहाज से कला की साधना करते हुए दुनिया के रंगमंच से विदा लेने का यह शानदार तरीका था। मगर महज 53 बरस की उम्र क्या मरने की होती है, यह सवाल बार-बार लोगों के मन में उठ रहा है। के के से पहले बिग बॉस के विजेता और अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला, मंदिरा बेदी के पति और निर्देशक राज कौशल जैसी कुछ और हस्तियां भी इसी तरह कम उम्र में अकाल मौत का शिकार हुई हैं। और इसकी वजह हृदयाघात है, जो भारत में बड़ी तेजी से एक गंभीर समस्या की तरह उभर चुकी है। के के की मौत के पीछे भी पहली नजर में कारण हृदयाघात को ही बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस को उनके सिर और चेहरे पर चोट के निशान भी मिले हैं, तो इस कोण से भी जांच हो सकती है कि यह मौत प्राकृतिक थी या इसके पीछे कोई साजिश थी। के के की मौत की वजह के पीछे सबसे बड़ा कारण कार्यक्रम में हुई बदइंतजामी को बताया जा रहा है। जिस जगह आयोजन हो रहा था वहां 2 से ढाई हजार लोगों के आने की ही क्षमता थी, लेकिन पहुंचे करीब 5 हजार श्रोता। और इतनी भीड़ को हटाने के लिए गैस का भी इस्तेमाल किया गया, हो सकता है।

## एएफआई ने हरि चंद के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने लंबी दूरी के महान धावक हरि चंद के निधन पर शोक जताया। दो बार के ओलंपियन (1976, 1980) 69 वर्षीय चंद का शाम निधन हो गया था। उन्होंने 5000 मीटर और 10000 मीटर में 1978 एशियाई खेलों में स्वर्ण






जीता और 1975 एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 10000 मीटर में स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। उनका 10000 मीटर में 28 : 48 . 72 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 32 साल तक रहा जो बाद में सुरेंद्र सिंह ने तोड़ा। एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने शोक संदेश में कहा- 1980 ओलंपिक में मेरे साथी रहे हरि चंद भारतीय खेलों के लीजैंड थे । मुझे और पूरे खेल जगत को उनके निधन का दुख है । यह खेलों को हुई अपूरणीय क्षति है। पंजाब के होशियारपुर जिले के गोरेवाहा गांव के रहने वाले हरि चंद ने 1970 में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पहली बार 3000 मीटर में जीत दर्ज की थी। अच्छे धावकों के साथ अभ्यास के लिये वह केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल में मुख्य कांस्टेबल बन गए। नाटे कद के होते हुए भी अपने दम खम के बूते उन्होंने लंबी दूरी की दौड़ जीती।

## फीडे महिला स्पीड चैस - हम्पी ,हरिका ,वैशाली और वन्तिका पर होंगी नजरे

**नई दिल्ली।** फीडे फीडे महिला स्पीड चैस टूर्नामेंट अब अपने मुख्य चरण में प्रवेश आकर चुका है और दुनिया भर की शीर्ष 16




महिला खिलाड़ियों के बीच प्ले ऑफ मुक़ाबले खेले जाएँगे । भारत से इसके मुख्य चरण में एक साथ चार खिलाड़ियों नें पहली बार जगह बनाई है । भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी कोनेरु हम्पी , हरिका द्रोणावल्ली के अलावा इस बार वैशाली आर और वन्तिका अग्रवाल भी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही है । प्रतियोगिता का यह मुख्य चरण 21 जुलाई तक खेला जाएगा । भारत की खिलाड़ियों में आर वैशाली कजाकिस्तान की बीबिसारा अस्सौबाएवा से ,हरिका क्यूबा की कोरी दे प्यासी से ,हम्पी जॉर्जिया की नाना दगनिडजे से तो वन्तिका रूस की लागनो काटेरयना से मुक़ाबला खेलेंगी । मैच में ऑनलाइन फटाफट शतरंज के ब्लीट्ज़ और बुलेट मुक़ाबले खेले जाएँगे ।

## मानसी और मनीषा ने जीते स्वर्ण, कनाडा इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन में शटलरों ने जीते नौ पदक

**टोरंटो।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए कनाडा इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन में दो स्वर्ण समेत नौ पदक जीते। मौजूदा विश्व चैंपियन मानसी जोशी ने राउंड रॉबिन चरण में सारे पदक जीते। उन्होंने पारूल परमार, फ्रांस की कैरोलिन बर्गेरोन, जापान की नोरिको इतो और यूक्रेन की ओकसाना कोजिना को हराया। फाइनल में उन्होंने एक गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूक्रेन की प्रतिद्वंद्वी को 21-18, 15- 21, 22-20 से मात दी। इस सत्र में जोशी की यह चौथी खिताबी जीत है। उन्होंने रूथिक रघुपति के साथ मिश्रित युगल एसएल 3, एसएल 5 में कांस्य पदक भी जीता। मनीषा रामदास ने एसयू5 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। चेन्नई की 17 वर्ष की इस खिलाड़ी ने जापान की अकिको सुगिनो को फाइनल में 27-25, 21-9 से हराया।

# पीवी सिंधू और बी साई प्रणीत इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार को यहां चीन की ही बिंग जियाओ से सीधे गेम में हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दौर से बाहर हो गईं। सातवीं वरीयता प्राप्त सिंधू को महिला एकल में बिंग जियाओ से 14-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से बिंग जियाओ का सिंधू के खिलाफ रिकॉर्ड 10-8 हो गया है।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू इस सत्र में केवल दो खिताब ही जीत पाई है। इस हार से उनकी अगले महीने होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों पर असर पड़ेगा। बी साई प्रणीत भी पुरुष एकल में डेनमार्क के हैंस क्रिस्टियन



सोलबर्ग विटिंगस से 16-21, 19-21 से हार गए। ईशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा। यह भारतीय जोड़ी हांगकांग की चांग टाक चिंग और एनजी विंग युंग होंग की जोड़ी से केवल 32 मिनट में 14-21, 11-21 से हारकर बाहर हो गई। सिंधू ने बिंग जियाओ के खिलाफ धीमी शुरुआत की। चीनी खिलाड़ी ने जल्द ही 9-2 से बढ़त हासिल कर ली और ब्रेक तक वह 11-4 से आगे थी।

सिंधू ने इसके बाद लगातार चार अंक बनाए लेकिन बिंग जियाओ ने आगे उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। बिंग जियाओ ने दूसरे गेम में भी 5-1 की बढ़त हासिल की। सिंधू ने मुकाबला करीबी बनाने की कोशिश की लेकिन वह चीनी खिलाड़ी को जीत से नहीं रोक पाई।

## कर्नाटक की एश्वर्या बाबू ने त्रिकूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**चेन्नई।** कर्नाटक की ऐश्वर्या बाबू ने यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के त्रिकूद स्पर्धा में 14.14 मीटर के शानदार प्रयास के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया।

बेंगलुरु की 24 साल इस खिलाड़ी ने मयूखा जॉनी के 2011 में 14.11 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने तीसरे प्रयास में रिकॉर्ड कायम करने के बाद अपने चौथे प्रयास में फाउल किया और फिर अंतिम दो छलांग नहीं लगाई। इस स्पर्धा में हरियाणा की रेणु 13.43 मीटर के साथ दूसरे स्थान, जबकि कार्तिका 13.25 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। ऐश्वर्या ने इससे पहले रविवार को लंबी कूद के क्वालीफिकेशन दौर में 6.73 मीटर की शानदार कूद लगायी जो किसी भारतीय महिला खिलाड़ी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास है। उनसे बेहतर प्रयास विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंजू बॉबी जार्ज के नाम है जो 6.83 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। अन्य स्पर्धाओं पंजाब के कृपाल सिंह ने पुरूषों के चक्का फेंक में 60.31 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण जीता। महिलाओं में नवनीत कौर ढिल्लों 55.67 मीटर के साथ शीर्ष पायदान पर रही।

तमिलनाडु की ग्रेसेना मेरली ने 1.82 मीटर के प्रयास से महिलाओं की ऊंची कूद जीती। पुरुषों की 800 मीटर में हरियाणा के कृष्ण कुमार ने एक मिनट 48.79 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिलाओं की इसी स्पर्धा में दिल्ली की चंदा (दो मिनट 01.67 सेकंड) ने जीत हासिल की।

## एशियाई कप के मुख्य चरण में जगह बनाने की राह में भारत के सामने हांगकांग की चुनौती

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप डी के अपने आखिरी मैच में जब हांगकांग के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी उम्मीदें एक बार फिर से पिछली दो जीत के सूत्रधार रहे करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री पर टिकी होगी। दोनों टीमें के नाम अब तक दो-दो जीत के साथ एक समान छह अंक है लेकिन कोच जोन एंडरसन की टीम गोल अंतर के मामले में भारत से बेहतर स्थिति में है। ऐसे में भारतीय टीम को 24 देशों की प्रतियोगिता में अगर-मगर से बचते हुए जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतना होगा। छह ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें के अलावा अगली सर्वश्रेष्ठ पांच टीमें मुख्य दौर के लिए क्वालीफाई करेगी। भारतीय टीम घरेलू दर्शकों के सामने इस मैच को जीत कर लगातार दूसरे और कुल पांचवें बार



इसके लिए क्वालीफाई करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। दूसरी ओर, हांगकांग की निगाहें 1968 के बाद अपने पहले एशिया कप क्वालीफिकेशन पर है। रैंकिंग में भारत (106) हांगकांग (147) से काफी आगे है। लेकिन मौजूदा प्रतियोगिता में हांगकांग ने काफी प्रभावित किया है। भारतीय कोच इगोर स्टीमक ने कहा- अगर हम कल के मैच में हार गये तो कंबोडिया के खिलाफ हमें जो तीन अंक मिले उसका कोई मतलब नहीं रहेगा। हम इस समय शून्य पर हैं। हमने अच्छा खेला है लेकिन हांगकांग एक अलग चुनौती होगी।

## भारत का आयरलैंड दौरा, वीवीएस लक्ष्मण की सहायता करेंगे ये तीन एनसीए कोच

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम आगामी आयरलैंड श्रृंखला के लिए तैयार है। वीवीएस लक्ष्मण कोच के रूप में साथ जाएंगे और इस दौरान लक्ष्मण की सहायता के लिए एनसीए के कोच सितांशु कोटक, साईराज बहुतुले और मुनीश बाली उनकी दो टी20 मैचों के दौरान सहायता करेगी। इस दौरान कोटक बल्लेबाजी विभाग के प्रभारी होंगे जबकि बाहुतुले और बाली क्रमशः गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच होंगे।

कोटक पहले भारतीय ए टीम के साथ रहे हैं जबकि बाहुतुले और बाली ने इस साल की शुरुआत में विश्व कप में भारतीय अंडर-19 टीम की जीत में मदद की है। मुख्य कोच लक्ष्मण और सहयोगी स्टाफ के तीनों सदस्यों के पास मैदान पर काफी अनुभव है और उनसे काफी उम्मीदें हैं। बीसीसीआई ने अभी भारतीय टीम की घोषणा नहीं की है। भारत वर्तमान में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेल रहा है। टीम एक टेस्ट में इंग्लैंड का सामना करने के लिए यूके के लिए उड़ान भरने के लिए भी तैयार है। उसके बाद टी20 और वनडे श्रृंखला होगी। इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ होंगे। आयरलैंड श्रृंखला पिछले साल के सेटअप के समान होगी जब द्रविड़ को श्रीलंका के खिलाफ उनकी द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का प्रभार दिया गया था जबकि



तत्कालीन मुख्य कोच रवि शास्त्री इंग्लैंड में सीनियर टीम के साथ थे। आयरलैंड के खिलाफ डबलिन में 26 और 28 जून को होने वाले दो टी20 मैचों के लिए टीम की घोषित नहीं की गई है। लेकिन कई सीरीज में आईपीएल सितारों के वैश्विक मंच पर पदार्पण करने की उच्च संभावना है।

## बीसीसीआई पूर्व क्रिकेटरों, अंपायरों को करेगा मालामाल, पेंशन में 100 फीसदी की बढ़ौतरी

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों की पेंशन में बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। यह वृद्धि एक जून 2022 से प्रभावी हो गयी है। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हमारे पूर्व क्रिकेटरों की वित्तीय स्थिति का ध्यान रखा जाए। खिलाड़ी जीवन रेखा बने रहते हैं और एक बोर्ड के रूप में, यह हमारा कर्तव्य है कि उनके खेलने के दिन समाप्त होने के बाद हम उनके साथ खड़े रहें। अंपायर खेल के अकीर्तित नायक रहे हैं और बीसीसीआई वास्तव में उनके योगदान को महत्व देता है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हमारे पूर्व एवं वर्तमान क्रिकेटरों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है, और पेंशन राशि




बढ़ाना उस दिशा में एक कदम है। बीसीसीआई पिछले कुछ वर्षों में अंपायरों के योगदान को महत्व देता है और भारतीय क्रिकेट के लिए उनकी मेहनती सेवाओं के लिए आभार व्यक्त करने का यह एक तरीका है। शाह ने कहा कि इस योजना के तहत लगभग 900 कर्मियों को लाभ मिलेगा, जिसमें 75 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों को 100 प्रतिशत वृद्धि मिलेगी।

बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने कहा कि बीसीसीआई आज जो कुछ भी है, वह अपने पूर्व क्रिकेटरों और अंपायरों के योगदान के कारण है। हमें मासिक पेंशन में वृद्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो हमारे पूर्व क्रिकेटरों के कल्याण में सहायता करेगा।

**पेंशन में हर माह वृद्धि**

1. रु 15,000
रु 30,000
2. रु 22,500
रु 45,000
3. रु 30,000
रु 52,500
4. रु 37,500
रु 60,000
5. रु 50,000
रु 70,000

## कंट्रोवर्शियल डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार पेजे ने लिया संन्यास, बताया- बस अब और नहीं...

**लंदन।** डब्ल्यूडब्ल्यूई की स्टार महिला रैसलर पेजे ने आखिरकार तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए डब्ल्यूडब्ल्यूई से खुद को दूर कर लिया। पेजे ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है जिसमें उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई प्रबंधन का मौका देने के लिए शुक्रिया अदा किया है। पेजे ने लिखा- 7 जुलाई डब्ल्यूडब्ल्यूई के साथ आखिरी दिन था।

मैं बहुत आभारी हूं और कंपनी ने मुझे जो अवसर दिए हैं, मैं उनकी सराहना करती हूं। मैं हमेशा उस कंपनी की सराहना करूंगी जिसने एक 18 वर्षीय ब्रिटिश लड़की को मौका दिया जो उनकी औसत दिवा की तरह भी नहीं दिखती थी। उन्होंने मुझे एक सुपरस्टार की तरह महसूस कराया। मुझे पता है कि मेरी गर्दन की चोट के बाद मुझे रिंग से बाहर होना पड़ा। जब तक हो सका तब तक आपने मुझे अपने पास रखा। इसके लिए मैं आभारी हूं।पेजे ने डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स को धन्यवाद दिया, उन्हें प्रशंसकों का सबसे भावुक समूह बताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह उनका अनुसरण करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यहां से जाना काफी कठिन है। उम्मीद करती हूं कि प्रशंसकों उन्हें फिर से रिंग में देख सकेंगे। लेकिन यह डब्ल्यूडब्लयूई ही चाहेगा कि मैं कभी रिंग में आऊंगी या नहीं। शायद वह दिन निश्चित रूप से फिर आएगा! वापसी कहीं भी हो सकती है। पेजे के करियर की बात की जाए तो टीवी शो चार्म्ड में रोज मैकगोवन के चरित्र से उन्होंने अपना लिया। वह 13 साल की उम्र में रिंग में उतर गई थीं।

# डेरिल मिशेल क्रीज पर, न्यूजीलैंड को 238 रनों की बढ़त

**नॉटिंघम ।** डेवोन कोन्वे (52) और सलामी बल्लेबाज विल यंग (नाबाद 49) के बीच दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 7 विकेट खेकर 224 रन बना लिए हैं। उनके पास अब 238 रन की बढ़त हो गई है। डेरिल मिशेल अभी भी 32 रन बनाकर क्रीज पर बने हुए हैं।

इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड की पहली पारी को 539 रन पर समेट कर 14 रन की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड को दूसरी पारी के शुरुआती ओवर में ही जिम्मी एंडरसन ने कार्यवाहक कप्तान टॉम लैथम (4 रन) आउट कर टेस्ट में अपने 650 विकेट पूरे किए। इसके



बाद कोन्वे और यंग ने संभल कर बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की निराशा को बढ़ाया।कोन्वे ने ऑफ स्पिनर जैक लीच के खिलाफ रिवर्स स्वीप पर चौका जड़कर अपना चौथ अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि स्वीप करने की कोशिश में इस गेंदबाज का शिकार बन गए। चाय के विश्राम के समय यंग के साथ हेनरी निकोल्स (तीन रन) क्रीज पर मौजूद थे। इससे पहले इंग्लैंड की टीम कल के अपने स्कोर पर 66 रन जोड़कर ऑल आउट हो गयी। न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 539 रन पर आउट कर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने टेस्ट करियर में 10वीं बार पांच विकेट चटकाए जिससे लंच से पहले इंग्लैंड की पारी सिमट गई। माइकल ब्रेसवेल को भी तीन सफलता मिली। बोल्ट ने 106 रन खर्च किए तो वहीं पदार्पण कर रहे ब्रेसवेल ने 62 रन दिए। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 473 रन से की। इस समय 163 रन पर बल्लेबाजी कर रहे पूर्व कप्तान जो रूट ने रिवर्स स्कूप पर छक्का लगाकर आक्रामक तेवर दिखाए। वह बीती रात के अपने स्कोर में 13 रन का इजाफा करने के बाद बोल्ट का शिकार बने।ब्रेसवेल की गेंद पर डेरिल मिशेल ने एक हाथ से शानदार कैच पकड़कर स्टुअर्ट ब्रॉड (नौ रन) को पवेलियन की राह दिखायी। बेन फॉक्स (56) अर्धशतक लगाने के बाद नए बल्लेबाज मैथ्यू पोट्स के साथ गफलत में फंस कर रन आउट हुए। बोल्ट ने इसके बाद पोट्स को बोल्ड कर मैच में अपने 5 विकेट पूरे किए। इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 5वीं बार यह कारनामा किया। ब्रेसवेल की गेंद पर जिम्मी एंडरसन (नौ रन) के स्टंप होनें के साथ ही इंग्लैंड की पारी खत्म हुई।

## जो रूट ने हासिल किया नया कीर्तिमान, टेस्ट में सुनील गावस्कर और यूनिस खान को छोड़ा पीछे

**ट्रेंट ब्रिज।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन नया कीर्तिमान हासिल कर लिया है। रूट के टेस्ट क्रिकेट में 10191 रन हो गए हैं और भारत के पूर्व बल्लेबाज सुनील गावस्कर के 10122 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन यह उपलब्धि हासिल की, जहां उन्होंने इंग्लैंड की पहली पारी में कुल 176 रन बनाए।

इस रिकॉर्ड के साथ इंग्लैंड का यह बल्लेबाज गावस्कर और पाकिस्तान के यूनिस खान को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने के मामले में 12वें स्थान पर पहुंच गया। इस लिस्ट




में भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर पहले नम्बर पर हैं जिनके टेस्ट क्रिकेट में कुल 15921 रन हैं।

दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी का चयन करते हुए पहली पारी में 554 रन बनाए। डेरिल मिशेल और टॉम ब्लंडेल ने क्रमशः 190 और 106 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से जेम्स एंडरसन ने तीन जबकि स्टुअर्ट ब्रॉड, बेन स्टोक्स और जैक लीच ने दो-दो विकेट लिए। इसके बाद इंग्लैंड 539 पर ढेर हो गया जिसमें ट्रेंट बोल्ट ने पांच विकेट लिए और माइकल ब्रेसवेल ने तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन 224/7 पर पारी घोषित की जिसमें डेरिल मिशेल और मैट हेनरी क्रीज पर नाबाद खड़े थे।

## हिंदु-मुस्लिम मायने नहीं रखता, देश का प्रतिनिधित्व करती हूं : निकहत जरीन

**नई दिल्ली।** विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत जरीन का कहना है कि वह किसी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने की जगह भारत का प्रतिनिधित्व करती है। जरीन से यहां पूछा गया कि लोग कड़ी मेहनत और रिंग में उपलब्धियों से ज्यादा उनकी धार्मिक पृष्ठभूमि के बारे में बात करते है तो उन्होंने कहा कि उनके लिए हिन्दू-मुस्लिम मायने नहीं रखता।

रूढ़िवादी समाज से ताल्लुक रखती 25 साल की जरीन ने साफ किया कि वह किसी विशेष



समुदाय के लिए नहीं भारत के लिए खेलती और जीतती है। उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी के तौर पर मैं भारत का प्रतिनिधित्व करती हूं। मेरे लिए हिंदू-मुस्लिम मायने नहीं रखता है। मैं किसी समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करती हूं, मैं देश का प्रतिनिधित्व करती हूं और देश के लिए पदक जीतकर खुश हूं। निकहत ने 'मानसिक दबाव' से संबंधी सवाल पर बोलते हुए कहा कि इस मामले में भारतीय खिलाड़ी थोड़े पीछे है और वैश्विक मंच पर अच्छा करने के लिए इसमें प्रशिक्षण की जरूरत है। भारतीय खिलाड़ी नियमित आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन करते है लेकिन ओलिम्पिक या विश्व चैम्पियनशिप जैसे बड़े मंच पर लडखड़ा जाते हैं। निकहत से जब पूछा गया कि भारतीय मुक्केबाजों में कहां कमी है, तो उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाज बहुत प्रतिभाशाली हैं, हम किसी से कम नहीं हैं। हमारे पास ताकत, गति और जरूरी कौशल के साथ सब कुछ है। निकहत ने कहा कि बस एक बार जब आप उस (विश्व) स्तर पर पहुंच जाते हैं, तो मुक्केबाजों को मानसिक दबाव को संभालने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। तेलंगाना की इस 25 साल की मुक्केबाज ने कहा कि बड़े मंच पर पहुंचने के बाद बहुत सारे खिलाड़ी दबाव में आ जाते हैं और वे प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। पिछले महीने 'फ्लाईवेट' स्पर्धा में विश्व चैम्पियन बनी जरीन ने 28 जुलाई से शुरू हो रहे बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भी भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# विदेश संदेश

## ईरान की केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट, 130 से ज्यादा लोग घायल

**तेहरानः** दक्षिणी ईरान में विस्फोट में 110 से ज्यादा लोग घायल हो गए। देश के सरकारी टीवी ने मंगलवार के अनुसार केमिकल फैक्ट्री राजधानी तेहरान से लगभग 770 किलोमीटर दक्षिण में स्थित फारस प्रांत के फिरोजाबाद में स्थित है। फैक्ट्री में सोमवार शाम को



एक अमोनियम टैंक से रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और फिर आग लग गई। दमकलकर्मियों ने जल्दी से आग पर काबू पा लिया। प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख वाहिद होसैनी के अनुसार धमाके में 133 लोग घायल हुए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद 114 लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया। घायलों में ज्यादातर फैक्ट्री के कर्मचारी थे।बता दें कि फरवरी में पश्चिमी प्रांत केमरनशाह में ईरान के शक्तिशाली अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक बेस पर इंजन ऑयल और ज्वलनशील सामग्री से भरे एक गोदाम में आग लग गई थी। जिससे एक शेड क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

## यूक्रेन पर हमले वाले दिन इमरान की रूस यात्रा को लेकर रूसी राजदूत ने दी सफाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में रूस के राजदूत दानिला गनिच ने कहा है कि यूक्रेन पर रूसी हमले के दिन पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की विवादास्पद यात्रा महज ''इत्तेफाक'' थी। उन्होंने कहा कि अगर खान को पहले से इस बात की जानकारी होती तो पूर्व प्रधानमंत्री कभी भी उस दिन रूस की यात्रा पर नहीं जाते। खान ने 24 फरवरी को



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी और इसी दिन रूस ने पड़ोसी देश यूक्रेन पर हमला किया था।

गनिच ने न्यूज के साथ साक्षात्कार में कहा, ''यह महज एक इत्तेफाक था। अगर इमरान खान को जानकारी होती तो वह कभी उस दिन देश (रूस) की यात्रा नहीं करते।'' गनिच से खान के उस दावे के संबंध में सवाल किया गया था कि उनकी रूस यात्रा के कारण उन्हें पद से हटाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने दावा किया था कि अमेरिका की आपत्ति के बावजूद उन्होंने रूस की यात्रा की थी। खान ने अप्रैल में उनकी सरकार के खिलाफ लाये गए विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के पीछे अमेरिकी साजिश का आरोप लगाया था। राजूदत ने कहा कि खान एक ईमानदार व्यक्ति थे जोकि देश का हित चाहते थे।

## चीन ने तिब्बत में 'रूफ ऑफ द वर्ल्ड' पर नक्षत्र भवन का निर्माण किया शुरू

**बीजिंग।** चीन ने 'रूफ ऑफ द वर्ल्ड' पर ब्रह्मांड से जुड़ी खोज के लिए तिब्बत में दुनिया के सबसे ऊंचे स्थान पर एक नक्षत्र भवन का निर्माण शुरू कर दिया है। आधिकारिक मीडिया ने सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक, नक्षत्र भवन का निर्माण साल 2024 तक पूरा करने की योजना है और इसके सालाना एक लाख से ज्यादा पर्यटकों को आकर्षित करने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन 'रूफ ऑफ द वर्ल्ड' पर ब्रह्मांड के रहस्यों की खोज के लिए एक सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखता है। तिब्बत में ज्यादातर चीनी पर्यटकों और विशेष अनुमति वाले विदेशी नागरिकों को ही प्रवेश करने की इजाजत है। तिब्बत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने बताया कि नक्षत्र भवन में क्षेत्र की सबसे बड़ी ऑप्टिकल खगोलीय दूरबीन होगी, जिसमें एक मीटर व्यास का लेंस लगा रहेगा और यह खगोलीय अनुसंधान व सार्वजनिक विज्ञान शिक्षा के लिहाज से एक प्रमुख क्षेत्रीय प्रतिष्ठान बनकर उभरेगा।

# पाकिस्तान ने भड़काई भारत में हिंसा:60 हजार से ज्यादा नॉन वेरिफाइड अकाउंट से किए गए भड़काऊ ट्वीट, कुछ अन्य देश भी शामिल

**इस्लामाबाद।** पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी के बाद भारत में हो रही हिंसा के पीछे पाकिस्तान और कुछ अन्य देशों का हाथ है। सुनियोजित षड्यंत्र के तहत देश में हिंसा भड़काई गई। इस काम में पाकिस्तान और कुछ अन्य देशों के हजारों नान वेरिफाइड इंटरनेट मीडिया अकाउंट लगे थे। फर्जी खबरों पर नजर रखने और फैक्ट चेक करने वाले डिजिटल फारेंसिक्स रिसर्च एंड एनालिटिक्स सेंटर की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

रिपोर्ट में बताया गया कि किस तरह से गलत सूचनाओं से लोगों को भड़काया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, विभिन्न देशों से 60 हजार से ज्यादा नान वेरिफाइड अकाउंट इस मामले में आग भड़काने के लिए अलग-अलग हैशटैग का प्रयोग कर रहे थे। इनमें से 7,100 से ज्यादा अकाउंट को पाकिस्तान से चल रहे थे। इन अकाउंट के माध्यम से कई आधारहीन बातें पोस्ट की गईं और लोगों को भड़काया गया।

**इंटरनेट पर ऐसे फैलाया गया झूठ**

नान वेरिफाइड अकाउंट के जरिये इंग्लैंड के क्रिकेट खिलाड़ी मोइन अली का फर्जी स्क्रीनशाट चलाया गया, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने आईपीएल के



बहिष्कार की अपील की है। लोगों को भड़काने के लिए फर्जी तस्वीरें भी शेयर की गईं।

**पाकिस्तानी मीडिया हाउस भी शामिल**

भारत की छवि खराब करने और हिंसा भड़काने के इस खेल में इंटरनेट मीडिया ही नहीं, पाकिस्तान व कुछ अन्य देशों के मीडिया हाउस भी जुटे हैं। पाकिस्तान के एरे न्यूज ने झूठी खबर चलाई थी कि ओमान के ग्रैंड मुफ्ती ने भारतीय उत्पादों के बॉयकॉट का एलान किया है। साथ ही उन्होंने इस टिप्पणी के खिलाफ सभी मुस्लिमों से एकजुट होने की अपील की है। टीवी चैनल का यह दावा पूरी तरह झूठ साबित हुआ।

**पाकिस्तान के पूर्व राजदूत का झूठ**

पाकिस्तान के पूर्व राजदूत ने यह झूठ फैलाया कि भाजपा से निष्कासित नेता नवीन जिंदल उद्योगपति जिंदल के भाई हैं। इस दौरान स्टाप इंसल्टिंग प्रोफेट मोहम्मद, बायकाट इंडियन प्रोडक्ट जैसे हैशटैग प्रयोग किए गए।

**नफरत फैलाने वालों को मिला मौका**

पाकिस्तानी मीडिया और इंटरनेट मीडिया के इस दुष्प्रचार का फायदा उठाकर खालिद बेदौं, मोइनुद्दीन इब्न नसरुल्ला और अली सोहराब जैसे नफरत फैलाने वालों को भी मौका मिल गया। इनमें से कुछ ने तो इस मामले में जम्मू-कश्मीर को भी शामिल करने की कोशिश की।

## रूस-यूक्रेन जंगः यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में रूसी सेनाओं को बढ़त, जेलेंस्की को यूरोप से मदद की आस

**मास्को/कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जंग नए दौर में पहुंच गई है। अब यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में रूसी सेना तेजी से आगे बढ़ रही है और इसको लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की साफ तौर पर खौफ में नजर आ रहे हैं। सेवेरोडोनेट्स्क पर कब्जे की जंग में भी व्लादिमिर पुतिन की फौज ही आगे नजर आ रही है। यूक्रेन की फौज के पास हथियार और दूसरे सामान की कमी होती जा रही है। जेलेंस्की ने मदद के लिए यूरोपीय देशों से गुहार लगाई है।

**बातचीत की अब भी उम्मीद-** 'न्यूयॉर्क टाइम्स' के मुताबिक, रूसी फौज के बढ़ने की वजह से यूरोपीय देशों पर भी दबाव है कि वो अब कोई बड़ा फैसला करें ताकि पुतिन को रोका जा सके। हालांकि, कुछ यूरोपीय नेताओं का मानना है कि अब भी बातचीत के जरिए कोई नतीजा



निकाला जा सकता है। सेवेरोडोनेट्स्क के साथ ही पुतिन की फौज लिसिचांस्क की तरफ भी तेजी से बढ़ रही है। यह पूर्वी यूक्रेन का अहम और संवेदनशील हिस्सा है। इस महीने के आखिर में यूरोपीय देशों के नेता जी-7 के तहत मिलने वाले हैं। उम्मीद है कि इसमें यूक्रेन की मदद को लेकर बड़ा फैसला हो सकता है।


इस महीने के आखिर में जी-7 के नेता मिलने वाले हैं। माना जा रहा कि इस मीटिंग में यूक्रेन को मदद देने को लेकर कोई बड़ा फैसला हो सकता है। इस महीने के आखिर में जी-7 के नेता मिलने वाले हैं। माना जा रहा कि इस मीटिंग में यूक्रेन को मदद देने को लेकर कोई बड़ा फैसला हो सकता है।

**पिकनिक स्पॉट पर सामूहिक कब्र मिली**

पश्चिमी मीडिया ने एक अहम खबर दी। इसके मुताबिक, कीव शहर के बाहरी हिस्से में मौजूद जंगल में कुछ सामूहिक कब्रें मिली हैं। फिलहाल, एक ही कब्र से 7 शव निकाले जा चुके हैं। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि सभी लाशें कीव के लोगों की हैं। इन लोगों को रूसी सैनिकों ने टॉर्चर करने के बाद मार डाला। खास बात यह है कि कीव का यह बाहरी हिस्सा एक फेमस पिकनिक और टूरिस्ट स्पॉट था। यहां आमतौर पर कीव के नागरिक छुट्टियों का लुत्फ उठाने आते थे। इस जंगल के करीब ही एक छोटी नदी भी है।

## हाउ टू मर्डर योर हसबैंड की राइटर को उम्रकैदःइंश्योरेंस के पैसे के लालच में पति की हत्या की थी, 25 साल तक पैरोल नहीं ले सकेगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में छह जनवरी 2021 को कैपिटल परिसर में हुए दंगों की जांच के लिए गठित प्रतिनिधि सभा की समिति ने रविवार को कहा कि उसने पर्याप्त सबूत जुटा लिए हैं, जिनके आधार पर कानून मंत्रालय 2020 के चुनावी नतीजों को पलटने की कोशिश करने के मामले में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक अभियोग चला सकता है। समिति के सदस्य एडम शिफ ने कहा, ''मैं कानून मंत्रालय को डोनाल्ड ट्रंप द्वारा की गई आपराधिक गतिविधियों के संबंध में हर प्रकार के विश्वसनीय आरोपों की जांच करते हुए



देखना चाहता हूं।'' समिति ने इस मामले में पिछले हफ्ते अपनी पहली सार्वजनिक सुनवाई की थी। अतिरिक्त सबूतों का खुलासा इस सप्ताह होने वाली सुनवाई के दौरान किया जाएगा।

**2018 में की थी पति डेनियल की हत्या**

नैंसी पति डेनियल ब्रॉफी एक शेफ था। उसकी हत्या जून 2018 में तब हुई जब वह अपने कुलिनरी इंस्टीट्यूट में क्लास देने की तैयारी कर रहा था। पोर्टलैंड के मुल्नोमाह काउंटी कोर्ट ने 13 जून को नैंसी को उम्रकैद की सजा सुनाई। नैंसी ने द रॉन्ग लवर और द रॉन्ग हसबैंड जैसी किताबें लिखी हैं लेकिन 2011 में हाउ टू मर्डर योर हसबैंड लिखने के बाद वे ज्यादा मशहूर हुईं।

## इजराइल सरकार खतरे में:पीएम नफ्ताली बेनेट बोले- अलायंस को संभालना मुश्किल, 2 हफ्ते में जा सकती है कुर्सी

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट की गठबंधन सरकार पर संकट मंडरा रहा है। यह सरकार पहले ही अल्पमत में थी और उसके पास विपक्ष से सिर्फ एक सीट ज्यादा थी। अब इस एक सहयोगी ने भी अलायंस से बाहर आने का फैसला किया है। इजराइल में दो साल में चार सरकारें अल्पमत में रहीं और इसी वजह से चुनाव भी हुए।

'टाइम्स ऑफ इजराइल' की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बेनेट का बयान सामने आया है। बेनेट का कहना है कि अगले एक या दो हफ्ते में यह तय हो जाएगा कि उनकी सरकार रहेगी या गिर जाएगी। बेनेट उन्हीं बेंजामिन नेतन्याहू को कुर्सी से हटाकर प्रधानमंत्री बने थे, जिन्हें उनका राजनीतिक गुरु माना जाता है। बेनेट उन्हीं बेंजामिन नेतन्याहू को कुर्सी से हटाकर प्रधानमंत्री बने थे, जिन्हें उनका राजनीतिक गुरु माना जाता है।

**सहयोगी क्यों नाराज**

रिपोर्ट के मुताबिक, 8 पार्टियों के गठबंधन में शामिल अरब समर्थक पार्टी यूनाइटेड अरब लिस्ट फिलिस्तीन के मामले पर बेनेट सरकार से नाराज है। फिलिस्तीनी बस्तियों को लेकर इसका पहले भी सरकार से टकराव था। इस पार्टी का कहना है कि बेनेट सरकार



फिलिस्तीन बस्तियों में यहूदियों को जगह दे रही है और यह अरब मूल के लोगों के साथ नाइंसाफी है। बेनेट को एक और बड़ा झटका सोमवार को लगा। यामिना पार्टी के सांसद नीर ओरबाक ने गठबंधन से अलग होने का ऐलान कर दिया। इसके साथ ही सरकार 59 सीटों के साथ अल्पमत में आ गई। ओरबाक का आरोप है कि प्रधानमंत्री बेनेट अरब पार्टी के सामने घुटने टेक रहे हैं।

**क्या नेतन्याहू की वापसी होगी?**

'टाइम्स ऑफ इजराइल' की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक बार फिर सरकार बना सकते हैं। इसके लिए उन्हें सिर्फ दो सीटों का इंतजाम करना होगा। पॉलिटिकल एक्सपर्ट जैमनी मेरोज ने कहा- इजराइल की सियासत में कुछ तय नहीं है। इससे दुनिया में देश की इमेज पर भी असर पड़ता है।

बेनेट उन्हीं नेतन्याहू को कुर्सी से हटाकर प्रधानमंत्री बने थे, जिन्हें उनका राजनीतिक गुरू माना जाता है। नेतन्याहू 12 साल प्रधानमंत्री रह चुके हैं। हालांकि, वे भी गठबंधन सरकार के ही मुखिया थे। बेनेट सरकार के पक्ष में 60 जबकि विरोध में 59 सांसदों ने वोट किया था। नेतन्याहू के लिए सत्ता के दरवाजे अब भी खुले हैं। अगर बेनेट सरकार गिर जाती है तो दो रास्ते होंगे। पहला- नए चुनाव कराए जाएं। दूसरा- नेतन्याहू बहुमत का फिर जुगाड़ करें और सरकार बना लें।

## भारत ने पीकेन पर लगाया उच्च शुल्क, अमेरिकी सीनेटर ने जताई आपत्ति

**वाशिंगटन।** भारत की ओर से पीकेन पर उच्च शुल्क लगाने के बाद अमेरिकी सांसद जॉन ओसोफ ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू के समक्ष यह मुद्दा उठाया और इस पर आपत्ति जताई। सीनेटर के कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि भारत द्वारा पीकेन (एक प्रकार के अखरोट) पर लगाए गए उच्च शुल्क का मामला जॉर्जिया के सीनेटर जॉन ओसोफ ने पिछले हफ्ते संधू के साथ एक ऑनलाइन बैठक के दौरान उठाया।

जॉर्जिया के किसानों की जरूरतों पर बात करते हुए ओसोफ ने भारत के पीकेन पर उच्च शुल्क लगाये जाने पर आपत्ति जतायी, क्योंकि इससे इन किसानों को नुकसान पहुंच रहा है। ये किसान पीकेन का अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात करते हैं। बयान के अनुसार, '' सीनेटर ओसोफ और राजदूत संधू अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों में सुधार के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए। इस महीने की शुरुआत में, सीनेटर जॉन ओसोफ ने जॉर्जिया की टिफ्ट और टर्नर काउंटी में पीकेन किसानों से बात की थी, जिन्होंने भारत की ओर से लगाये गये उच्च शुल्क पर चिंता जतायी थी। बयान के अनुसार, अमेरिका के कुल पीकेन का एक तिहाई उत्पादन जॉर्जिया में होता है।

## पैगम्बर मोहम्मद की बेटी पर बनी फिल्म के विरोध पर ब्रिटेन में इमाम पर कार्रवाई

**लंदन।** पैगम्बर मोहम्मद की बेटी पर बनी फिल्म द लेडी ऑफ हेवन का विरोध करने पर ब्रिटेन में एक इमाम पर कार्यवाही की गयी है। ब्रिटिश सरकार ने लीड्स स्थित मक्का मस्जिद के प्रमुख इमाम कारी आसिम को इस्लामोफोबिया मामलों के सलाहकार और मुस्लिम घृणा रोधी कार्य समूह के उपाध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। फिल्म की वेबसाइट के अनुसार यह पैगंबर मोहम्मद की बेटी लेडी फातिमा की कहानी है।

इस माह की शुरूआत में रिलीज फिल्म द लेडी ऑफ हेवन के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ब्रिटेन में अभियान चल रहा है। यह अभियान इस कदर तेज हुआ है कि कुछ सिनेमाघरों को फिल्म की स्क्रीनिंग रद्द करनी पड़ी है। इस फिल्म पर प्रतिबंध के अभियान का समर्थन करने पर इमाम कारी आसिम को कार्यवाही का सामना करना पड़ा है। ब्रिटिश सरकार द्वारा इस बाबत उन्हें पत्र भेजकर कहा गया है कि फिल्म के विरोध को उनका समर्थन कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रतिबंधित करता है तथा सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाला है।

## कैपिटल हमला : गवाहों ने कहा, ट्रंप ''वास्तविकता से काफी दूर थे''

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान के करीबी सलाहकार, शीर्ष सरकारी अधिकारी और यहां तक कि उनके परिवार के सदस्य भी 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी के उनके झूठे दावों को छह जनवरी को कैपिटल में हुई हिंसा से पहले खारिज कर रहे थे, लेकिन पराजित राष्ट्रपति ''वास्तविकता से काफी दूर'' थे और सत्ता में बने रहने के लिए विचित्र तर्कों का सहारा ले रहे थे।

कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद भवन) में हुए दंगों की जांच कर रही समिति को मामले के गवाहों ने यह जानकारी दी। ट्रंप के चुनाव अभियान के प्रबंधक बिल स्टेपियन ने समिति के समक्ष गवाही देते हुए कहा कि ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर ने ट्रंप को अटॉर्नी रूडी गिउलिआनि और मतदाता धोखाधड़ी के उनके तर्कों से दूर करने की कोशिश की थी। सलाहकारों का मानना था कि वे सच नहीं थे। पूर्व अटॉर्नी जनरल विलियम बर्र ने कहा, '' वह (ट्रंप) वास्तविकता से बेहद दूर थे।'' उन्होंने ट्रंप के मतदाता धोखाधड़ी के दावों को ''बेकार'', ''फर्जी'' और



''बेतुका'' बताते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा था, '' मैं उसका हिस्सा नहीं बनना चाहता था।''

प्रतिनिधिसभा की सदस्य जो लोफग्रेन ने कहा, '' यह केवल एक बड़ा झूठ नहीं, बल्कि एक बड़ा घोटाला था।' बेनी थॉम्पसन ने कहा कि ट्रंप ने '' अमेरिका के लोगों का विश्वास तोड़ा और लोगों के उन्हें सत्ता से बाहर करने के पक्ष में मतदान करने के बावजूद उन्होंने पद पर बने रहने की कोशिश की।'' सुनवाई पर अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने कहा, '' मैं सब देख रहा हूं, मैं पूरी सुनवाई देखूंगा। मैं इसे शायद लाइव ना देख पाऊं, लेकिन इसे बाद में जरूर देखूंगा। मैं आश्वासन देता हूं कि 6 जनवरी मामले से जुड़े सभी अभियोजक सुनवाई देख रहे हैं।'' वहीं, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन-पियरे ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नियमित रूप से सुनवाई पर जानकारी हासिल कर रहे हैं, लेकिन रोज सुनवाई देख नहीं रहे। गौरतलब है कि ट्रंप ने तीन नवंबर 2020 को हुए राष्ट्रपति चुनाव में हार स्वीकार नहीं की थी और उन्होंने चुनाव में धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। ट्रंप के इन आरोपों के बीच उनके समर्थकों ने छह जनवरी को संसद भवन परिसर में कथित तौर पर हिंसा की थी।

### नूपुर शर्मा की टिप्पणी को बांग्लादेश ने बताया भारत का आंतरिक मामला

ढाका। भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी को भारत के भीतर भले ही इस्लाम से जोड़कर हंगामा हो रहा हो।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## श्रीलंका में देश छोड़ने की होड़, पासपोर्ट कार्यालय में लगी भीड़

कोलंबो। श्रीलंका में भीषण आर्थिक व राजनीतिक संकट के चलते लोग वहां रहना नहीं चाहते हैं। श्रीलंका में देश छोड़ने की होड़ लगी है, जिस कारण पासपोर्ट कार्यालय में भी भीड़ लगी है। पिछले महीने के आखिरी दस दिनों की तुलना में इस माह के पहले दस दिनों में तीन गुना यानी 31,725 पासपोर्ट जारी किए गए हैं।

श्रीलंकाई आव्रजन विभाग के प्रवक्ता पियुमी बंदारा ने बताया कि श्रीलंका में भारी संख्या में लोग विदेश जाने के लिए लालायित हैं। इस कारण पासपोर्ट बनवाने वालों की संख्या भी बढ़ गयी है। पिछले महीने की तुलना में अब तीन गुना पासपोर्ट बन रहे हैं। पहले एक दिन में अधिकतम 2,500 पासपोर्ट जारी करने की सीमा थी। अब ये सीमा 3,500 कर दी गई है। अर्जी देने के एक दिन के अंदर पासपोर्ट पाने के लिए निर्धारित फीस को बढ़ा कर अब 15 हजार रुपये कर दिया गया है।



इसके बावजूद तुरंत पासपोर्ट लेने के इच्छुक लोगों की कतार लगी हुई है।

पासपोर्ट दफ्तर के बाहर कतार में खड़े एक व्यक्ति ने कहा कि 15 हजार रुपये देकर अगर एक दिन में पासपोर्ट मिल जाता है, तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। इससे मुझे तुरंत बाहर जाने का मौका मिल जाएगा। पासपोर्ट की मांग इतनी ज्यादा है कि पासपोर्ट कार्यालय में अब दो शिफ्टों में काम हो रहा है।